इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -346 | राजनांदगांव, शनिवार 09 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# दो साल में अमेरिकन नेटवर्क जैसी होंगी छत्तीसगढ़ की सड़कें, 20 हजार करोड़ के विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

## रोड कांग्रेस का शुभारंभ : नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के लिए 20 हजार करोड़ की परियोजनाओं की घोषणा की

रायपुर। शुक्रवार की शाम राजधानी रायपुर में 83वें इंडियन रोड कांग्रेस शुभारंभ केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव के साथ पीडब्ल्यू और आईआरसी के अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में देश- विदेश के रोड टेक्निकल एक्सपर्ट्स भी मौजूद हैं। इस दौरान रोड कांग्रेस को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने छत्तीसगढ़ के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं।




### रायपुर में चार फ्लाई ओवर, धमतरी से जगदलपुर फोरलेन को मंजूरी

अपने संबोधन के दौरान श्री गडकरी ने ऐलान किया कि, दो सालों में छत्तीसगढ़ का सड़क नेटवर्क अमेरिकन रोड के बराबर होगा।

श्री गडकरी ने इसके बाद अनेक सौगातों की घोषणा की। उन्होंने रायपुर शहर में चार फ्लाईओवर की मंजूरी दी। धमतरी से जगदलपुर फोरलेन समेत अन्य कई परियोजनों को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि, 20 हजार करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी देता हूं।

### गडकरी ने छत्तीसगढ़ के बैम्बू क्रैश बैरियर को सराहा

नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के बैम्बू क्रैश बैरियर की सराहना की। उन्होंने कहा- बेमेतरा में बैम्बू क्रैश बैरियर का प्रोडक्शन हो रहा है। एनएचएआई ऑर्डर देकर सड़कों के किनारे बैम्बू क्रैश बैरियर लगा रहा है। नितिन गडकरी ने सीएम साय से अनुरोध करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ की सड़कों में बैम्बू क्रैश बैरियर लगाएं। उनहोंने कहा कि, मैं अच्छी सड़क नहीं बना रहा, मेरे डिपार्टमेंट के लोग और इंजिनियर रात दिन काम करके अच्छी सड़कें बना रहे हैं। उनहोंने कहा कि, मैं तो इंजीनियरिंग के लिए डिसक्वालिफाइड हुआ था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### यहां पहुंचे इंजीनियर्स देश के विश्वकर्मा : गडकरी

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि, अधिवेशन में आये हुए इंजीनियर्स देश के विश्वकर्मा हैं। हमें आर्थिक तरक्की के लिए उद्योग और कृषि क्षेत्र में प्रगति करनी होगी। विकास भी करना है, पर्यावरण का संतुलन भी बनाए रखना है। उनहोंने कहा कि, भारत में अभी भी रोड के बाजू में शौचालय नहीं है। एनएचएआई की तरफ से दो हजार हमसफर स्टेशन बना रहे हैं। पहाड़ों में आवाजाही आसान हो इस पर काम कर रहे हैं। हमें कलेक्टिव टीम एफर्ट से काम करना होगा। उनहोंने कहा कि, आईआरसी को मेरा सुझाव है- क्वालिटी के साथ कंप्रोमाइज न हो।

# एएमयू पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला : अल्पसंख्यक दर्जा रद्द करने वाला 1967 का फैसला खारिज, तीन जजों की नई बेंच करेगी दोबारा विचार



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय मामले में 1967 का अपना एक फैसला पलटते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को कानून द्वारा बनाए जाने के कारण अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित करने का आधार बना था। पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना अल्पसंख्यक द्वारा की जा सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि उसे अल्पसंख्यक सदस्यों द्वारा ही प्रशासित किया जाए।

मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से बहुमत का फैसला सुनाया। हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अपने-अपने असहमति वाले फैसले दिए। बहुमत के आधार पर फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि संस्थान का अल्पसंख्यक दर्जा कानून द्वारा बनाए जाने के कारण खत्म नहीं होता। दालत ने बहुमत के फैसले में कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है। अदालत ने कहा ऐसी स्थापना और अन्य पहलुओं से जुड़े विभिन्न कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

अदालत ने कहा कि यह साबित करना भी जरूरी नहीं है कि अल्पसंख्यक संस्थान का प्रशासन ऐसे अल्पसंख्यक समूह के पास है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान धर्मनिरपेक्ष शिक्षा पर जोर देना चाह सकते हैं और इसके लिए प्रशासन में अल्पसंख्यक सदस्यों की आवश्यकता नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सौम्या चौरसिया की मुश्किलें बढ़ीं

# गिरफ्तारी के बाद 10 दिन के लिए ईओडब्ल्यू की कस्टोडियल रिमांड में भेजी गई



रायपुर। छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाले में जेल में बंद राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। अब सौम्या चौरसिया को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर ईओडब्ल्यू ने रायपुर विशेष कोर्ट में पेश किया, जहां से 10 दिनों की कस्टोडियल रिमांड मिली है।

मिली जानकारी के मुताबिक, कोयला घोटाले में जेल में बंद पूर्व ष्टरूकी डिप्टी सेक्रेटरी रहीं सौम्या चौरसिया को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा की कोर्ट में पेश किया गया। विशेष अदालत ने सौम्या चौरासिया को 10 दिनों के लिए ईओडब्ल्यू के कस्टोडियल रिमांड पर भेज दिया है।

### सौम्या, रानू और समीर पर दर्ज हैं तीन एफआईआर

मालूम हो कि, इसी साल 2 जुलाई को निलंबित आईएएस रानू साहू और समीर विश्नोई के साथ ही सौम्या चौरसिया के खिलाफ 3 नई एफआईआर दर्ज की गई थी। सौम्या पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। अब इसी केस में पूछताछ होगी।

# सीजेआई चंद्रचूड़ विदाई समारोह में हुए भावुक, कहा- अगर मैंने किसी का दिल दुखाया हो तो माफी चाहूंगा



नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ रविवार को पद से मुक्त हो जाएंगे। लेकिन 9 और 10 तारीख को शनिवार व रविवार को कोर्ट की छुट्टी रहेगी। इसलिए उनके सम्मान में विदाई समारोह आज ही आयोजित किया गया। सुप्रीम कोर्ट में आज उनका अंतिम कार्य दिवस है। 10 नवंबर को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे। वह देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर 2022 को भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। 13 मई 2016 को उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय से पदोन्नत किया गया था।

### 'जब मैं छोटा था, सुप्रीम कोर्ट आकर देखी थी कार्रवाई'

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने विदाई समारोह के मौके पर भावुक होते हुए कहा, 'रात को मैं सोच रहा था कि दोपहर दो बजे कोर्ट खाली होगा और मैं स्क्रीन पर खुद को देख रहा होउंगा। आप सभी की मौजूदगी से मैं अभिभूत हूं।' सीजेआई ने कहा, 'जब मैं छोटा था, तो सुप्रीम कोर्ट में आकर यहां की कार्यवाही और कोर्ट में लगी दो तस्वीरों को देखता था। उन्होंने कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट में भी न्यायमूर्ति चागला का बहुत प्रभाव था।'

### 'जीवन को नया दृष्टिकोण देते हैं नए लोग'

सीजेआई ने यह भी बताया कि वह न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ बैठकर काम करने के अनुभव को बहुत याद करेंगे। उन्होंने कहा, 'यही कोर्ट है, जो मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिन्हें हम नहीं जानते थे और ये अनुभव जीवन को एक नया दृष्टिकोण देते हैं।'

### 'हम सब यात्रियों की तरह, कुछ समय के लिए आते हैं'

उन्होंने आगे कहा, 'हम सभी यहां यात्रियों की तरह हैं, जो कुछ समय के लिए आते हैं, अपना काम करते हैं और फिर चले जाते हैं। कोर्ट के रूप में यह संस्थान हमेशा चलता रहेगा और इसमें विभिन्न विचारों वाले लोग आते रहेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे बाद न्यायमूर्ति खन्ना इस संस्थान को मजबूती और गरिमा के साथ आगे बढ़ाएंगे।'

### 'किसी को कोई तकलीफ पहुंची हो तो माफी चाहता हूं'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं आज बहुत कुछ सीखा हूं। कोई भी मामला पहले के मामले जैसा नहीं होता। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आर्टिकल 370 की बहाली का प्रस्ताव कश्मीर को तोड़ने की साजिशः कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी



मुंबई। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रचार की कमान संभाल ली है। शुक्रवार को उन्होंने विपक्ष को मात देने और सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के लिए वोट मांगने के लिए धुले में अपनी पहली सभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमव्हीए) पर जमकर निशाना साधा। एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद पवार) शामिल है।

### 'कश्मीर में कांग्रेस की साजिशें शुरू- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने के बाद कांग्रेस गठबंधन ने कश्मीर के खिलाफ अपनी साजिश शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन को जैसे ही जम्मू-कश्मीर में अपनी सरकार बनाने का मौका मिला, तो उन्होंने कश्मीर के खिलाफ अपनी साजिशें शुरू कर दींज कांग्रेस गठबंधन ने आर्टिकल 370 को बहाल करने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कियाज क्या देश यह स्वीकार करेगा?

### 'महाराष्ट्र का आशीर्वाद मेरे साथ'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धुले में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, महाराष्ट्र से मैंने जब भी कुछ मांगा है, महाराष्ट्र के लोगों ने दिल खोलकर मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं आपके बीच यहां धुले आया था। मैंने आपसे महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार के लिए आग्रह किया था। आपने महाराष्ट्र में 15 साल के सियासी कुचक्र को तोड़कर बीजेपी को अभूतपूर्व जीत दिलाई थी। आज मैं एक बार फिर यहां धुले की धरती पर आया हूं। धुले से ही मैं महाराष्ट्र में चुनाव अभियान की शुरुआत कर रहा हूं। बीजेपी को और महायुति के एक-एक उम्मीदवार को आपका आशीर्वाद चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पिछले 2.5 वर्षों में महाराष्ट्र के विकास को जो गति मिली है, उसे रुकने नहीं दिया जाएगा।

पीएम मोदी ने राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा किया और कहा, अगले 5 वर्ष महाराष्ट्र की प्रगति को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। महाराष्ट्र को जो सुशासन चाहिए, वो सिर्फ महायुति की सरकार ही दे सकती है। दूसरी तरफ देखिए, महाआघाडी की गाड़ी में वैसे भी न पहिए हैं, न ब्रेक हैं और ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए भी झगड़ा हो रहा है।

### 'लोगों को लूटना इनका मकसद'

विपक्षी खेमे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, राजनीति में आने पर हर किसी का अपना एक लक्ष्य होता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# जम्मू-कश्मीर विस से भाजपा विधायकों को मार्शलों के जरिए हटाए जाने पर सीएम साय की तीखी प्रतिक्रिया, कहा- कांग्रेस के मंसूबे नहीं होंगे कामयाब



रायपुर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में गुरुवार को धारा 370 को हटाए जाने के प्रस्ताव का विरोध कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शल द्वारा हटाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तीखी टिप्पणी की है. उन्होंने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अशांति बहस करना चाहती है, लेकिन वह कभी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं होने वाली है.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जब से जम्मू कश्मीर में केंद्र द्वारा धारा 370 और 35 ए को हटाया गया है, तब से जम्मू कश्मीर में खुशहाली आई है, अमन चैन स्थापित हुआ है वहां शांति आई है, और आतंकवाद की घटनाओं में 70प्रतिशत की कमी आई है, नागरिकों की मृत्यु में 80 प्रतिशत की कमी आई है, और विदेशी नागरिकों के पर्यटन में 300 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का बजट शत-प्रतिशत बढ़ा है, और आतंकवाद दो-तीन जिलों में सिमट कर रह गया है. केंद्र शासन द्वारा 80,000 करोड़ का विशेष पैकेज दिया गया, और 56000 करोड़ का निवेश वहां पर आया है.

केंद्र द्वारा यह सब धारा 370 और 35 से हटाने के कारण हुआ, जो कांग्रेस को रास नहीं आ रही है. इसी के साथ मुख्यमंत्री साय ने गुरुवार को विधानसभा में धारा 370 के बहाली के पक्ष में प्रस्ताव लाए जाने को ठीक नहीं बताते हुए कहा कि जिस तरीके से भाजपा की विधायकों को मार्शल के द्वारा विधानसभा से बाहर किया गया, यह लोकतंत्र की हत्या है. इसको देश की जनता कभी बर्दाश्त करने वाली नहीं है.

# सीईसी ने की महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों की आलोचना, अधिकारियों को सख्ती से निपटने के निर्देश




मुंबई। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने चुनाव प्रचार के दौरान महिलाओं के खिलाफ की गई नेताओं की अपमानजनक टिप्पणियों की निंदा की। उन्होंने अधिकारियों को ऐसी टिप्पणियों के खिलाफ समय पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव कार्यालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एक समीक्षा बैठक के दौरान कुमार ने महिलाओं के सम्मान और गरिमा के खिलाफ की गई अपमानजनक भाषा पर नाराजगी जताई। बैठक में जिला चुनाव अधिकारी, पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त और रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे।

### निजी जीवन के किसी पहलू की न करें आलोचना

सीईसी ने सभी सियासी दलों और उम्मीदवारों से अपील की है कि वे महिलाओं की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी टिप्पणी से बचें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नेताओं या अन्य दलों के कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के किसी भी पहलू की आलोचना नहीं की जानी चाहिए। विरोधियों को नीचा दिखाने के लिए किसी भी तरह के निम्न स्तरीय व्यक्तिगत हमले नहीं किए जाने चाहिए।

### चुनाव आचार संहिता के तहत की जाएगी कड़ी कार्रवाई

राजीव कुमार ने यह भी कहा कि उम्मीदवारों या राजनेताओं द्वारा महिलाओं के सम्मान और गरिमा के खिलाफ की जाने वाली किसी भी टिप्पणी पर चुनाव आचार संहिता के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी उम्मीदवार और पार्टी नेता अपने भाषणों और सार्वजनिक संवाद में महिलाओं के प्रति सम्मान दिखाते हुए अपना आचरण सुधारेंगे।




# भ्रष्टाचार एक बीमारी, जड़ से खत्म किया जाना जरूरी : मुर्मु



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भ्रष्टाचार को एक बड़ी बीमारी करार देते हुए आज कहा कि इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए अनेक पहल की हैं। इस संदर्भ में उन्होंने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना, ई मार्केटप्लेस और आर्थिक अपराधी अधिनियम जैसी पहलों का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वास किसी भी समाज की नींव होता है जबकि भ्रष्टाचार समाज में विश्वास को कम करता है।

केंद्रीय सतर्कता आयुक्त पी के श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए कई उपाय किये गये हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं को भी सरल बनाया जा रहा है।

# धान खरीदी : डीओ की अदला-बदली पर कसेगी लगाम, धान उठाने और अनलोड तक की होगी एंट्री



दुर्ग। डीओ जारी किए जाने के बाद मिलर्स द्वारा किए जाने वाले अदला- बदली के खेल पर लगाम लगाने राज्य शासन द्वारा इस बार नई पॉलिसी लाई गई है। धान खरीदी नीति और कस्टम मिलिंग के तहत जिस उपार्जन केन्द्र से धान उठाया जाएगा, वहां के केन्द्र का नाम, ट्रक नंबर और अनलोड की जानकारी पहले भारत सरकार के पोर्टल में एंट्री करनी होगी, इसी तरह की प्रक्रिया ट्रक अनलोड होने के बाद होगी। इस पॉलिसी के जरिए भाड़े के नाम पर हर साल लाखों रुपए के घालमेल को रोकने तैयारी शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि, हर साल उपार्जन केन्द्रों से कस्टम मिलिंग के लिए धान उठाने डीओ (डिलवरी आर्डर) जारी किए जाने के बाद इसे बेच दिया जाता है। मिलर पास के डीओ को दूर के मिलर को और पास का मिलर अपना डीओ दूर के मिल को बेच देते है। इस अदला-बदली के खेल से राज्य शासन को भाड़े के नाम पर लाखों रुपए का चूना हर साल लगता था। पिछले साल दुर्ग के मिलर्स को जांजगीर चांपा, बिलासपुर, बलौदाबाजार, कोरिया और मोहला-मानपुर तक भेजा गया था। दुर्ग के मिलरों को 41 लाख क्विंटल से अधिक का धान उठाने डीओ जारी किया गया था, जबकि दुर्ग के उपार्जन केन्द्र में भंडारित धान को रायपुर के मिलर्स ने उठाया था। बड़ी बात यह है कि दुर्ग में 151 राइस मिलर है, इसके बाद भी यहां के मिलर अपने जिले का धान नहीं उठाकर दूसरे जिले से धान उठाए थे। इस तरह की मनमानी न सिर्फ दुर्ग, बल्कि अन्य जिलो में भी होती रही है। हरिभूमि द्वारा पिछले साल डीओ बेचने की मनमानी को उजागर कर इसे शासन के ध्यान में लाया था।

### मिल से धान की अफरा-तफरी रुकेगी

राज्य शासन द्वारा इस बार कस्टम मिलिंग के लिए तैयार किए गए पॉलिसी में केन्द्र ने भी अपना मसौदा दिया है। जिसके बाद उपार्जन केन्द्र से लेकर राइस मिल तक नजर रखने कई बिन्दुओं पर कड़ाई की जा रही हैं। देखा गया है कि मिलर उपार्जन केन्द्र से धान उठाने के बाद इसे बाजारों में महंगे दाम पर बेच देते हैं और सरकार को लंबे समय तक चावल जमा नहीं करते हैं। इस पर भी लगाम लगाने मिल में भौतिक सत्यापन करने कहा गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# व्यवस्था में हुई चूक तो होगा उग्र आंदोलन: कुलबीर

## डॉ. रमन के स्वेच्छानुदान का दुरूपयोग भाजपा कार्यकर्ताओं को ज्यादा और तकलीफ पीड़ित लोगों के लिए कम

राजनांदगांव (दावा)। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय में विगत दिनों 20 डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे की खबर के बाद मचे बवाले व मरीजों को हो रही परेशानियों को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा विगत दिनों पत्रकारवार्ता लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डा.रमन सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलकर व्यवस्था सुधारने की बात कही थी। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार 08 नवंबर को जिला अस्पताल अधीक्षक अतुल मनोहर राव देशांकर को ज्ञापन सौंपकर जल्द निराकरण करने व कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

सौंपे ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि शासकीय जिला चिकित्सालय के 20 डॉक्टरों के इस्तीफे, सिटी स्कैन मशीन, एमआईआर मशीन, एक्सरे मशीन व हॉस्पिटल में चल रही गतिविधियों को लेकर ज्ञापन सौंपकर उचित निराकरण कर जानकारी मांगी है। श्री छाबड़ा ने आगे बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों से बैठक कर उनकी मांगों को समजस्य बनाकर मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने तथा सिटी स्कैन मशीन में कांग्रेस सरकार के समय दी गई मशीन खरीदी की राशि में वर्तमान में हुई मूल्य वृद्धि के कारण सिटी स्कैन मशीन की खरीदी में अतिरिक्त होने वाले व्यय एवं हास्पिटल में एमआईआर मशीन, एक्सरे मशीन एवं अन्य अस्पताल में कमियों की पूर्ति को व्यवस्थित करने कहा है। यदि 48 घंटे के भीतर डॉक्टरों की व्यवस्था नहीं सुधरती है तो उस स्थिति में पत्रकारवार्ता में स्थानीय विधायक डॉ.रमन सिंह के पुतला दहन के लिए हमारे द्वारा 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है।

अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डा.रमन सिंह को लगातार कांग्रेस जगाते रहेगी, स्वेच्छानुदान का दुरूपयोग डा.रमन सिंह अपने भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं को देकर कर रहे हैं, आम नागरिकों के लिए स्वेच्छानुदान कम और भाजपाइयों के लिए ज्यादा की है। इसी तरह सिटी स्कैन मशीन के लिए कांग्रेस सरकार के समय दी गई राशि के बाद मशीन के मूल्यों में वृद्धि होने के कारण अतिरिक्त राशि को चाहे तो डा.रमन सिंह अपने स्वेच्छानुदान से या सरकार से तत्काल उपलब्ध करावा सकते है किन्तु प्रावेइट सिटी स्कैन अस्पताल के लोगों से भाजपा का सांठ-गांठ होगा इसलिए उनको लाभ दिलाने के लिए डॉ.रमन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं और जनता की जेब से पैसा खर्च हो रहा है। विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री को पद से हटाने और स्वयं डा.रमन सिंह मुख्यमंत्री बनने की लालसा में जनता के समस्या को ध्यान नहीं दे रहे हैं डा.रमन सिंह के मुख्यमंत्री के कार्यकाल के छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाहर के निकट के लोग फिर से छत्तीसगढ़ में आकर सक्रिय हो रहे हैं। ये भाजपा के आपसी गुटबाजी से जनता का अहित हो रहा जो कि गलत है यह हमारा आरोप है।



मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था सुधारने डॉ.रमन को जगाएंगी कांग्रेस, शहर कांग्रेस अध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने अस्पताल अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

सौंपे ज्ञापन में श्री छाबड़ा ने अधीक्षक से जानकारी लिखित पत्र के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि क्या आज की स्थिति में डॉक्टर वापस अपने कार्य पर लौट आएं है। सिटी स्कैन मशीन के खरीदी में होने वाले अतिरिक्त कितनी राशि की जरूरत है तथा एमआरआई मशीन तथा एक्सरे मशीन के लिए आपके अस्पताल में क्या व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा करने हेतु कार्यवाही की गई है या की जा रही है। इस लिखित पत्र का जवाब नहीं आने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि डॉक्टरों की सामूहिक हुए इस्तीफे के डॉक्टर वर्तमान में कार्यरत नहीं है तथा अन्य सुविधाओं की कमी के लिए स्वास्थ्य विभाग, सरकार द्वारा कोई पहल हेतु निर्देश जारी नहीं हुए है। उस स्थिति में हमारे द्वारा स्थानीय विधायक डा.रमन सिंह का पुतला दहन किया जाएगा। जिसका संपूर्ण जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी इकरामुद्दीन सोलंकी, शरद खंडेलवाल, शौर्य वैष्णव सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### तीन दिवसीय मोहारा पुन्नी मेला 14 से शुरू होगा

राजनांदगांव (दावा)। श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी.जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शिवनाथ तट मोहारा में कार्तिक पुन्नी के अवसर पर आयोजित होने वाला मेला इस वर्ष दिनांक 14 से 16 नवम्बर को आयोजित करने बाबत। कलेक्टर की स्वीकृति प्राप्त हो गई है प्रतिवर्ष अनुसार मेला के तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम देने बाबत। उनके द्वारा संचालक संस्कृति को लिखा गया है।

मेला की सूचारू व्यवस्था के लिऐ कलेक्टर द्वारा अतुल विश्वकर्मा आयुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आज अपरान्ह में महापौर श्रीमति हेमा सुदेश देशमुख एवं कमीशनर श्री विश्वकर्मा ने समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी. जैन के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया तथा चालू निर्माण कार्यो के संबंध में कार्यापालन मंत्री श्री वर्मा उपयंत्री एवं ठेकेदारों से चर्चा की गई तथा सभी निर्माण कार्य तीन दिन के भीतर करने का निर्देश दिया गया।

### मतदाता सूची तैयार करने अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत नगरपालिका निगम राजनांदगांव की वार्डवार मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची तैयार करने अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर संजय अग्रवाल अपीलीय अधिकारी है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव खेमलाल वर्मा को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार राजनांदगांव को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार राजनांदगांव गंगाधर राव एवं नायब तहसीलदार राजनांदगांव, राकेश नागवंशी को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने नगर पालिका आम निर्वाचन 2024-25 के लिए नगर पालिका निगम राजनांदगांव के निर्वाचन हेतु अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। इसी तरह आयुक्त नगर पालिक निगम अतुल विश्वकर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव खेमलाल वर्मा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है।

### श्रीमती प्रभा बाई सोलंकी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय चिखली निवासी श्रीमती प्रभा बाई (मुन्नी बाई) मनोहर सिंह सोलंकी का 7 अक्टूबर गुरूवार को रात्रि 12 बजे निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास चिखली से मुक्तिधाम लखोली हेतु 8 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे निकाली गई। जिसमें सामाजिक बंधु मोहल्लेवासीगण शामिल थे।

# महापौर एवं आयुक्त ने किया मोहारा मेला स्थल का निरीक्षण

## आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ साथ मेला के पूर्व मंच, रोड एवं प्रवेश द्वार के, कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला का आयोजन किया जा रहा है। मोहारा मेला स्थल का महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर मेला स्थल में चल रहे सौदर्यीकरण कार्य में प्रवेश द्वार, मंच, रोड निर्माण कार्य पूर्ण करने के अलावा बिजली पानी सफाई संबंधी आवश्यक सेवा मुहैया कराने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये।



महापौर श्रीमती देशमुख ने कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा से कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत राशि से मोहारा मेला स्थल का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, चूंकि अगले सप्ताह पुन्नी मेला का आयोजन होना है, उसके पूर्व मंच निर्माण, रोड निर्माण व प्रवेश द्वार निर्माण पूर्ण करें तथा अन्य कार्य मे तेजी लावे। प्रवेश द्वार में मोहारा पुन्नी मेला प्रवेश द्वार अंकित करे, कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने कहा कि मोहारा मेला की प्रसिद्धि वर्षो से है, जहॉ आस्था का सैलाब उमडता है, इसे ध्यान में रखते हुये शासन की मंशानुरूप सौदर्यीकरण कार्य करना है, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न हो, तकनीकि अधिकारी प्रतिदिन मानिटरिंग कर कार्य पूर्ण करावे। उन्होंने कहा कि मेला में अन्य आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि मोहारा मेला स्थल सौदर्यीकरण कार्य जन भावनाओं के अनुरूप हो इसके सभी कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से कहा कि मेला स्थल में समुचित साफ सफाई हो, इसके अलावा नदी की ओर बेरिकेटिंग करे, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, मेला स्थल में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, स्थल में लगे पोल के अलावा आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर लाईट लगावे, जिससे सम्पूर्ण मेला स्थल प्रकाशित हो तथा पेयजल के लिये पाईप लाईन विस्तार कर स्टेन पोस्ट लगावे व मोबाईल टायलेट की व्यवस्था करें। मेला परिसर में दुकाने रोड के दोनों ओर लगाया जावे, इस आधार पर ले-आउट करें। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से सम्पादित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि मेले के दौरान जल सयंत्रगृह में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के प्रवेश न करे, पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा में लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये, संबधित अधिकारी व कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेंगे, मेला स्थल में कोई कमी न हो तथा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसका भी ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डी.सी.जैन पूर्व पार्षद अवधेश प्रजापति सहित प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू व ठेकेदार उपस्थित थे।

# डीसीए राजनांदगांव ने भिलाई को हराया

## उज्जवल का शानदार शतक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने बीएसपी भिलाई को एक पारी एवं 154 रनों के विशाल अंतर से हराकर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की टीम ने अपने समस्त विकेट खोकर 81 ओवर में 295 रन बनाएं।





राजनांदगांव की तरफ से कप्तान उज्जवल मरकाम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 132 गेंदों में शानदार 130 रन बनाए वहीं अर्षवीर भाटिया ने 66 गेंद में 63 महत्वपूर्ण रन बनाएं। बाद में खेलने उतरी भिलाई की टीम राजनांदगांव टीम की सटीक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पाई और उसके पूरे बल्लेबाज में मात्र 87 रन बनाकर आउट हो गए ।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की तरफ से फिरकी गेंदबाज अर्षवीर भाटिया ने मात्र 14 रन पर ही 6 विकेट झटक लिए। फालोआन खेलने उतरी भिलाई कि टीम दूसरी पारी में भी संघर्ष करती नजर आई और इस पारी में भी मात्र 34 ओवरों में 54 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। पहली पारी की तरह ही इस पारी में भी अर्षवीर भाटिया ने मात्र 25 रन देखकर लिए 6 विकेट लिए वहीं कप्तान उज्जवल मरकाम एवं सुजल देवांगन ने क्रमशः 6 एवं 14 रन देकर दो-दो विकेट लिए ।

एक पारी एवं 154 रनों के विशाल अंतर से जीतने के कारण एक बोनस प्वाइंट के साथ जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव को पूरे सात अंक प्राप्त हुए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव का अगला महत्वपूर्ण मुकाबला जिला क्रिकेट एसोसिएशन रायपुर के साथ शनिवार से दल्ली राजहरा में ही होगा।



रायपुर (दावा)। सड़क परिवहन और राजमार्ग के केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा के छत्तीसगढ़ आगमन पर आत्मीय स्वागत रायपुर एयरपोर्ट में प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा ने किया।

### कुंतीबाई वर्मा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। आजाद चौक मोतीपुर निवासी कुंतीबाई पति किशनलाल वर्मा का बुधवार को निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष की थीं। ढाबा मार्ग स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मृतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। स्व. कुंती शिक्षक पंचायत महेश वर्मा, वनकर्मी नोमेश वर्मा व केवल वर्मा की मां थीं।

### शंकरपुर तालाब में डूबने से युवक की मौत

राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी क्षेत्र के शंकरपुर तालाब में डूबकर एक युवक की मौत हो गई। देर शाम लोगों को पता चलने पर लोगों की वहां भीड़ लग गई। लेकिन देर शाम तालाब में डूबे युवक को निकालने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पाए। युवक कहां का है अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस इसकी जानकारी लेने में जुटी हुई है।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर अंडरब्रिज रेलवे लाइन में ट्रेन से टकराकर एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक माणिकदास भारती उम्र 50 साल निवासी स्टेशन बाकल बताया जा रहा है।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202411093700009 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश चितलांग्या आ. स्व. शंकरलाल चितलांग्या, निवासी-गंजलाईन, वार्ड नं. 31/36, तिरंगा चौक, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला गंजलाईन स्थित शीट क्रमांक 48 डी, भूखण्ड क्रमांक 224/4, क्षेत्रफल 122.00 वर्गमीटर जो धारक उमादेवी ध.प. शंकरलाल चितलांग्या, निवासी गंजलाईन, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 25.11.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202411093700001 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहन दास साहू आ. स्व. टेहरदास साहू एवं अन्य निवासी आदर्श चौक, लखोली, वार्ड नं. 35, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला स्थित शीट क्रमांक 77 डी. भूखण्ड क्रमांक 99, क्षेत्रफल 118.00 वर्गमीटर जो धारकगण टेहरदास, अमरदास, विचारदास, प्रकाशमणी, नारायणदास आ. ठनूदास, निवासी लखोली राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भूखण्ड के सहधारक टेहरदास आ. ठनूदास की मृत्यु उपरांत उनके स्थान पर वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/ मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 20.11.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**आम सूचना**

आम व खास लोगों को इस विज्ञप्ति के जरिये यह सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के पिता केसुराम साहू आ. रामसहाय साहू, आयु-लग.-85 वर्ष, जिसके नाम व स्वामित्व में पैतृक संपत्ति (कृषि भूमि) ग्राम-बरगाही, प.ह.नं.-30, रा.नि.मं.- राजनांदगांव (छ.ग.) तह. व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) जिसका खसरा नं.-149/1, रकबा 0.5220 हे. स्थित है, जिस पर मेरे पक्षकार सहित केसुराम के 04 पुत्रों का बराबर-बराबर हिस्सा सन्निहित है। केसुराम वृद्धावस्था में होने के कारण ठीक से किसी भी बात को सुनने, समझने की क्षमता खो बैठा है, जिसका फायदा उठाकर केसुराम के पौत्रों के द्वारा केसुराम को बहला-फुसलाकर उपरोक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का सौदा किया जा रहा है, इसलिये सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त कृषि भूमि को क्रय करने से बचे, क्यूँकि इससे उनको वैधानिक अधिकार प्राप्त नही होगा, तथा जाने-अनजाने में यदि पंजीयन करा लिया जाता है तो, वह शून्यकरणीय होगी।

तद्अनुसार सूचना जाने एवं पालन करें ।

राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक-08/11/2024

भवदीय
पोषण शुक्ला, अधिवक्ता
निवासी एवं कार्यालय - ब्राम्हणपारा, वार्ड नं. - 38, गांधी चौक, राजनांदगांव (छ. ग.) मो. नं. 8085989909, 8839417263

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
5-7-8
170-8 590-4
राजधानी
3-5-0
180-9 149-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### आज दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट प्रसादी महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार के द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट प्रसादी महोत्सव आज 9 नवंबर शनिवार को कस्तूरबा महिला मंडल भवन, पुराना रेस्ट हाऊस रोड, राजनांदगाँव में शाम 7 बजे से रात्रि 9 तक धूमधाम से मनाया जायेगा। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार में सम्मिलित घटक समाज श्री अग्रहरि, श्री अयोध्यावासी, श्री दोसर, श्री गहोई, श्री कसौधन एवं श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज के समस्त सामाजिक बंधुओं से निवेदन है कि इस अनुपम आनंद की बेला में परिवारजनों सहित अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित करें एवं आयोजन को गरिमामय बनाएं। उक्त जानकारी समाज के महामंत्री शैलेष गुप्ता ने दी।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,
कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र.160829/निविदा सूचना क्र.08/वलेलि/2024-25, छुईखदान दिनांक 08.11.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.12.2024 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम-** राजनांदगांव (वर्तमान खैरागढ़ - छुईखदान- गण्डई) जिले के विकासखण्ड छुईखदान के अंतर्गत अमदनिया डायवर्सन योजना के बायीं तट नहर के आर.सी.सी. ओपन ट्रफ (लंबाई 820 मी.) का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत- रू. 173.66 लाख**


अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.11.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान (छ.ग.)
कृते- अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)

जी- 242503692/1

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह | रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
हंसी का खजाना, जादुई चमत्कार
भूल भूलैया 3
कलाकार - कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी विजय राज़, संजय मिश्रा, राजपाल यादव आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show SILVER SCREEN MULTIPLEX
08th Nov to 14th Nov 2024




Amaran (Hindi) - 06:15




Singham Again - 12:00, 12:15, 03:00, 06:00 and 09:00 pm



Bhool Bhulaiyaa 3 - 12:30, 03:15, 03:30, 06:30, 09:15 and 09:30 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# अन्य राज्यों से अवैध शराब छत्तीसगढ़ में नहीं आना चाहिए - सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता

○ शराब के अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश
○ मदिरा दुकान के आहते में दुकान संचालक सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं



राजनांदगांव (दावा)। सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आबकारी विभाग के राजस्व के मद्देनजर राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता ने समीक्षा के दौरान कहा कि राजनांदगांव जिले की सीमा अन्य राज्यों से जुड़ी हुई है। इसके दृष्टिगत शराब के अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कच्ची शराब, देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा के संबंध में पूर्ण जानकारी रखें। उन्होंने राजनांदगांव जिले तथा अन्य दोनों जिले में राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गहन समीक्षा करते हुए कहा कि अन्य राज्यों से अवैध शराब छत्तीसगढ़ में नहीं आना चाहिए। इस पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। बाहर से आने वाले अवैध शराब की जप्ती की कार्रवाई लगातार जारी रखें। उन्होंने जिले में फिल्ड में दुकानों तथा स्थानों में संरचना में सुधार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. शंगीता ने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थित तरीके से कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग तथा पुलिस विभाग संयुक्त रूप से आपस में समन्वय करते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण की सूचना मिलने पर अमला एलर्ट रहे और कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शासन के नये निर्देश के अनुसार मदिरा दुकान के आहते में दुकान संचालक सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं। जिससे किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं असामाजिक तत्वों नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि आबकारी निरीक्षक आरक्षक के साथ निरीक्षण एवं मानिटरिंग का कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को रणनीति बनाकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में आबकारी विभाग के राजस्व के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की जप्ती के दौरान वाहन की भी जप्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में अवैध शराब पर जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा आपसी समन्वय से बार्डर पर अन्य राज्यों से आने वाले अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त तौर पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे को अपग्रेड करने की बात कही। कलेक्टर मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी श्रीमती तूलिका प्रजापति एवं कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई चंद्रकांत वर्मा ने जिले में अवैध शराब की जप्ती के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी यशपाल सिंह ने बताया कि गढ़चिरौली से सटे शुष्क क्षेत्रों में छुरिया की ओर से मध्यप्रदेश की अवैध शराब जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन के दौरान भी कार्रवाई की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर, जिला आबकारी अधिकारी मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी सुश्री दीपा आडिल, जिला आबकारी अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एन सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सीईओ जिला पंचायत ग्राम सुरगी में पोट्ठ लईका कार्यक्रम अंतर्गत पालक चौपाल में हुई शामिल

**बच्चों को जंक फूड, पैकेट फूड से बचाने तथा बच्चों में अच्छी पोषण आदतों का विकसित करने कहा**



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह राजनांदगांव विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम सुरगी में जिला पंचायत की अभिनव पहल के तहत संचालित पोट्ठ लईका कार्यक्रम अंतर्गत पालक चौपाल में शामिल हुई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह का आंगनबाड़ी केन्द्र की बालिका उर्मी द्वारा प्रसन्नता से स्वागत किया गया। उन्होंने पालक चौपाल में उपस्थित गर्भवती एवं शिशुवती माताओं से चर्चा करते हुए बच्चों एवं उनके स्वास्थ्य के संबंधी जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत ने बच्चों में कुपोषण से होने वाले दुष्परिणामों से संबंध में जानकारी दी और इससे बचने के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार को खाने एवं बच्चों को भी पौष्टिक आहार खिलाने कहा। शिशुवती माताओं से बच्चों की दिनचर्या के संबंध में जानकारी लेते हुए बच्चों को जंक फूड, पैकेट फूड से बचाने तथा बच्चों में अच्छी आदतों का विकसित करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों के सही देखभाल से उनका भविष्य संवरता है। कुपोषण न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी बच्चों के विकास को अवरुद्ध करता है।

पालक चौपाल में पालकों को बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राम सुरगी में पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत चयनित 53 बच्चों में से 16 बच्चे कुपोषण की श्रेणी से बाहर आ गए है। शेष बच्चों के वजन में वृद्धि हुई है। केंद्र में बालिका उर्मी पहले अति गंभीर कुपोषण की श्रेणी में थी, लगातार उसकी उपचार, देखभाल, गृहभेंट परामर्श से कुपोषण से बाहर आ गई है और प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्र आ रही है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वस्थ सुपोषित (पोठ लइका) बच्चों की माताओं को सम्मानित किया। गोदभराई कर गर्भवती माताओं को स्वस्थ शिशु के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही अन्य माताओं को भी सुपोषण अभियान से जोडऩे हेतु प्रेरित किया। सीईओ जिला पंचायत ने आंगनबाड़ी केंद्र में निर्मित पोषण वाटिका की सराहना की।

इस अवसर पर कार्यपालन अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर, सरपंच आनंद साहू, सचिव, परियोजना अधिकारी श्रीमती शिल्पा तिवारी, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती दुर्गा जादौन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग से कर्मचारी व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# कृषकों से आर्थिक दण्ड लेने के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार, निराधार एवं असत्य

**भ्रामक प्रचार करते पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध की जाएगी वैधानिक कार्रवाई**

राजनांदगांव (दावा)। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती नहीं करने पर कृषकों से आर्थिक दण्ड लेने के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, जो निराधार एवं असत्य है। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के निर्देश जारी नहीं किए गए है। इस प्रकार के भ्रामक प्रचार करते पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न कृषक द्वारा आर्थिक दृष्टि से लाभकारी फसलों की खेती करने की इच्छा व्यक्त की गई है। कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के विभागीय अमलों को मक्का, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी फसलें लेने हेतु कृषकों को वैज्ञानिक खेती के लिए तकनीकी सलाह देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस कार्य के लिए संबंधित विभागों को सक्रिय समन्वय सुनिश्चित करने कहा है। इस संबंध में ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्थक परिचर्चा करते हुए कृषकों के मध्य मक्का, गेहूं, रागी, दलहन, तिलहन एवं सब्जी के फसले लेने के लिए कृषकों को प्रेरित करने निर्देशित किया गया है।

# हड़ताल में शामिल होने जाते सोसायटी विक्रेता की सड़क हादसे में मौत, एक घायल

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव फ्लाई ओवर में शुक्रवार सुबह 11.30 बजे एक सड़क हादसे में सड़क चिरचारी क्षेत्र के चारभांठा स्थित सहकारी समिति के विक्रेता की मौत हो गई। हादसे में उसका साथी जख्मी हुआ है।

कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। नेशनल हाईवे में दुर्ग की ओर जा रहे एक बाइक में सवार को अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेटे में ले लिया। इस घटना में एक सहकारी बैंक के विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके एक साथी को चोंटे पहुंची है, जिसे अस्पताल ले जाया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के मध्य से गुजरने वाले फ्लाई ओवर में शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे एक मोटर साइकिल में सवार होकर डोंगरगढ़ के चारभांठा निवासी व चारभाठा स्थित सहकारी समिति के विक्रेता पिताम्बर सिन्हा और उसका साथी शिवचंद विश्वकर्मा सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर आयोजित अनिश्चितकालीन आंदोलन में शामिल होने दुर्ग जा रहे थे। बाइक सवार दोनों शहर के मध्य गुरूनानक चौक के समीप ही पहुंचे थे कि एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक उक्त बाइक को ठोकर मार दी। जिससे पिताम्बर अज्ञात ट्रक के पहिये की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी शिवचंद विश्वकर्मा को भी चोंटे पहुंची। इधर सूचना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग, एम्बुलेंस और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया। वहीं मृतक पिताम्बर के शव को मरम्युरी भिजवाया गया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कमला कालेज की छात्राओं का अंर्तविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता हेतु चयन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की 2 छात्राओं कु. थनेश्वरी बीए भाग-दो एवं कु. चारू रंगारी बीए भाग-एक का चयन कलिंगा विश्व विद्यालय भुवनेश्वर, उड़ीसा में दिनांक 6 से 10 नवंबर तक आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंर्तविश्वविद्यालयीन वॉलीवाल प्रतियोगिता हेतु हुआ है। इसके पूर्व शासकीय डीबी कन्या महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों छात्राओं का चयन किया गया। कु. थनेश्वरी एवं कु. चारू रंगारी पिछले कई वर्षों से श्रीमती संध्या धुर्वे (पुलिस विभाग) से स्टेट स्कूल, राजनांदगांव में वॉलीवाल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है, उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर एवं समस्त प्राध्यापकों ने बधाई दी।

# महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यो की दी गयी स्वीकृति



**गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणामों सहित चैक चैराहो के नामकरण की अनुशंसा**

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को लाभ देने एवं शहर में डामरीकरण कराये जाने, आगनबाडी केन्द्रों के रिक्त पद की पूर्ति सहित गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणाम की स्वीकृति तथा चौक चैराहों के नामकरण की अनुशंसा प्रदान की गयी। बैठक के पूर्व महापौर परिषद के नये प्रभारी सदस्य अमीन हुद्दा सहित नवागत आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा स्थानांतरित तकनीकि अधिकारियों का स्वागत कर परिचय प्राप्त किया गया। इस अवसर पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नया विषय एवं नयी जगह है, आप लोगो के सहयोग से काम करना है, तभी काम में आप लोगो के अनुभव का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आप सबके साथ मिलकर नगर विकास में काम करना है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही शहर में डामरीकरण कराये जाने दी गयी स्वीकृति की पुष्टि की गयी। इसके अलावा निगम सीमाक्षेत्र के आंगनबाडी में 4 कार्यकर्ता व 3 सहायिका की नियुक्ति आदेश जारी करने की स्वीकृति तथा लखोली बैगापारा व जनता कालोनी आंगनबाडी केन्द्र में कार्यकर्ता के रिक्त पद की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा वर्ष 2024 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में विसर्जन झाकी के अ वर्ग एवं ब वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों तथा सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त परिणामों की स्वीकृति दी गयी। उन्होंने बताया कि बी.एन.सी. मिल की रिक्त भूमि को उद्योग धंधा लगाने निगम को दिये जाने, शंकरपुर तालाब को रेल्वे द्वारा निगम को हस्तांतरित करने तथा तालाबों की जलकुंभी हटाने मशीन क्रय करने शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि सामाजिक बंधुओं की मांग अनुसार चौक चौराहों व मार्ग का नामकरण करने की अनुशंसा की गयी, जिसमें बसंतपुर महामाया चौक का नाम संत शिरोमणी सेन महाराज, कौरिनभाठा स्थित चौराहे का नाम चित्रांश चौराहा, केशरनगर स्थित कालीबाडी मंदिर के समीप चौराहे का नामकरण कालीबाडी चौक, डोंगरगांव रोड में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्था के प्रवेश द्वार के चौक का नामकरण ब्रम्हाकुमारी चैक, बसंतपुर थाना व जामा मंस्जिद के सामने चैक का नामकरण जामा मस्जिद चैक तथा गुड़ाखू लाईन से जुनीहटरी को जोड़ने वाले चौक का नामकरण अबुल कलाम चैक किये जाने के अलावा गुड़ाखू लाईन से जयस्तम्भ चौक तक जुनीहटरी मार्ग का नाम अबुल कलाम मार्ग किये जाने की अनुशंसा की गयी। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व सभी काम पूर्ण करना है, इसके लिये सभी अधिकारी अपने काम में गति लावे, और जनता की समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करे। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, विनय झा, भागचंद साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, अमीन हुद्दा, श्रीमती बैनाबाई टुरहाटे, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके व संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. पी.सी.लाल यादव को यादव समाज ने दिया बधाई

राजनांदगांव (दावा)। लोक सांस्कृतिक संस्था दूध मोगरा के संचालक डॉ. पी.सी.लाल यादव को आंचलिक साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिए जाने वाला लाला जगदलपुरी सम्मान 2024 प्रदान किया गया यह सम्मान छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य के क्षेत्र में उनकी सेवा का प्रतिफल है यादव जी का 40 से अधिक किताबें प्रकाशित हो चुके हैं उनके द्वारा बहुत सारे बाल कहानियां लिखी गई है (हिंदी लोक संगीत) पंडवानी कथा गायन एक अध्ययन विषय पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से पीएचडी किया है समय-समय पर अनेक मंचों से वहां सम्मानित हो चुके हैं। यादव जी को सिंगदइ सर्किल कोसरिया यादव समाज के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी अध्यक्ष विशारद यादव ने कहा डॉ.पीसी लाल यादव को सम्मान मिलने पर सारे यादव समाज में खुशी की लहर है यादव समाज के गौरव यादव जी सदा नई-नई ऊंचाइयों को छुए साहित्य के क्षेत्र में और यादव समाज का नाम रोशन करते रहे। उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना ने कहा डॉ.पीसी लाल यादव जी बहुत अच्छे गीत भी लिखते हैं उनके गीत समय-समय पर आकाशवाणी से सुनने को मिलता है वे अपने सांस्कृतिक कला मंच में बहुत सुंदर अभिनय भी करते हैं यादव जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं यादव जी को बधाई देने वालों में थनवर यादव, गोवर्धन यादव एवं सभी सदस्यों ने बधाई दी यह जानकारी पवन यादव पहुना ने दिया।

# पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के नेतृत्व में लुट के मास्टर माइंड सहित 04 आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक गिरफ्तार



0 हजारों सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी सहयोग से साइबर सेल केसीजी ने राजनांदगांव के व्यापारी का मुनीम से ठेलकाडीह में हुये लुट की घटना की गुत्थी सुलझायी
0 लुटे गये संपत्ति का शतप्रतिशत् बरामद करने में मिली सफलता
0 पांचो आरोपियो के कब्जे से लूट की नगदी रकम 507380 रू, प्रार्थी का लुटा मोबाइल, लूट की रकम से खरीदे गये पल्सर मो.सा. एवं 02 मोबाईल कुल 753500 रू. किया गया बरामद
0 अपराध में प्रयुक्त 03 नग मो.सा. 04 मोबाईल सहित प्रकरण में कुल 886380 रू. मशरूका जप्त

खैरागढ़ (दावा)। राजनांदगांव के व्यापारी के मुनीम से ठेलकाडीह में हुई लुट की घटना की गुत्थी सुलझी। शुक्रवार 25 अक्टूबर को प्रार्थी झुमर सिंह देवांगन उम्र 52 वर्ष ग्राम भोथीपारखुर्द नयापारा ओपी सुरगी थाना बंसतपुर जिला राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शुक्रवार 25 अक्टूबर को सीमेंट एवं वासिंग पाउडर का बिक्री का पैसा वसुली करने गया था। जो व्यापारी भुपेन्द्र सिंहा ग्राम बिरोडा कवर्धा से 121200 रू. प्रहलाद साहू ग्राम नादिया गंडई से 350000 रू., कपिल राजपूत ग्राम दनिया गंडई से 62000 रू. एवं विजय बाजार ग्राम नर्मदा वाले से 217200 रू. कुल वसूली का नगदी रकम 780400 रू. अपने काला कलर के बैग के अंदर रखकर अपने मोटर सायकल क्रं. सीजी 08 ए.एन. 9351 में बैठकर ग्राम नर्मदा गंडई से शाम करीबन 04.15 बजे वापस राजनांदगांव जाने के लिये निकला था। बैग को मोटर सायकल के सामने दोनो आईनों में फंसाकर कर रखा था, कि शाम 05.50 बजे के आसपास खैरागढ़ से राजनांदगांव जाने वाले मेन रोड पर कलकसा चौक से 50 मीटर पहले खैरागढ़ तरफ से एक मो.सा. में तीन लड़के आये उनमें से एक लड़का जो सफेद शर्ट पहना था ने प्रार्थी के शर्ट के जेब में रखे मोबाईल फोन को छीन लिया और मोटर सायकल के चाबी को छीनने का प्रयास किया। जो नहीं छीन पाया तभी पीछे से दो लड़के आये और प्रार्थी के मोटर सायकल के सामने रखे बैग को छीनने लगे प्रार्थी द्वारा बीच बचाव का प्रयास किया गया। जिससे बैग का बेल्ट टुट गया प्रार्थी गाडी सहित जमीन पर गिर गया, तीनों अज्ञात लडके प्रार्थी का बैग छीन कर जिसमें 780400 रू. और मोबाईल लुटकर खैरागढ़ की ओर भाग गये। कि रिपार्ट पर थाना ठेलकाडीह में अपराध सदर अपराध 211/2024 धारा 309(6) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई त्रिलोक बसंल (भापुसे) द्वारा घटना स्थल पहुंचकर आरोपियों के धर पकड एवं लुट किये गये। रकम को बरामद करने हेतु तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश कुमार गौतम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के पर्यवेक्षण में टीम तैयार कर आरोपियों के मिलने के संभावित स्थानों पर टीम भेजकर हर संभव प्रयास किया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुये, जिसके आधार पर निरीक्षक अनिल शर्मा साइबर सेल एवं थाना प्रभारी ठेलकाडीह का संयुक्त टीम तैयार कर विवेचना में आये तथ्यों एवं तकनीकी जानकारी के आधार पर घटना के बाद पिछले 02 सप्ताह से साइबर टीम द्वारा लगातार दिन-रात काम कर हजारों सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी जानकारी विश्लेषण कर आरोपियों के सुराग ढुंढने में डटी रही टीम द्वारा लगातार प्रयास कर संपूर्ण घटना का मास्टर प्लानर मिथिलेश वर्मा पिता धनीराम वर्मा ग्राम नादिया, ईश्वर साहू पिता लक्ष्मण साहू ग्राम नादिया तक पहुंचे दोनों से मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ पर दोनों ने बताया कि दोनों का काफी कर्ज हो गया था। जिसे चुकाने के लिए परेशान थे ईश्वर साहू नादिया के प्रहलाद साहू सीमेंट व्यापारी के यहाँ चालक काम करता है। काम करने के दौरान उसे जानकारी थी की प्रत्येक शुक्रवार को राजनांदगांव से एक आदमी रकम वसूली करने आता है। काफी रकम लेकर जाता है बुजुर्ग है आसानी से शिकार बनाया जा सकता है, दोनों घटना के पहले शुक्रवार को जब प्रार्थी रकम वसूली करने आया तो दोनों योजना के मुताबिक प्रार्थी का रेकी करते हुये नादिया से घिरघोली तक पीछा किये प्रार्थी के गतिविधियों को नोट किये घटना शुक्रवार 25 अक्टूबर को मिथिलेश वर्मा और ईश्वर साहू अपने योजना को अंजाम देने के लिए अपने रिश्तेदार भुपेन्द्र वर्मा निवासी बहेराभाठा थाना घुमका जिला राजनांदगांव को सुबह फोन लगाकर अपनी योजना के बारे में बताया और बोला कि रकम ले जाने वाला उन्हें पहचानता हैं। इसलिए अपने किसी साथी के साथ आकर रकम लुटना है, मिथिलेश एवं ईश्वर के योजना में भुपेन्द्र वर्मा भी शामिल हो गया और अपने साथी सुनील वर्मा ग्राम बहेराभाठा के साथ अपने यामहा एफ जेड बाईक का नंबर प्लेट हटाकर कर नर्मदा पहुचा जहाँ पूर्व से उपस्थित मिथिलेश और ईश्वर ने प्रार्थी का पहचान कराया और घटना करने के संबंध में प्लान तैयार किया।

मिथिलेश वर्मा ने घटना में अपने रिश्तेदार नाबालिक बालक जो स्कुल छात्र है। उसे भी स्कुल से बुलाकर अपने साथ शामिल कर लिया इसके बाद पांचो दो मोटर सायकल से प्रार्थी का पीछा करते खैरागढ से दल्ली तक पहुंचे दल्ली के पास मिथिलेश वर्मा और ईश्वर साहू रूक गये भुपेन्द्र, सुनील और नाबालिक बालक घटना स्थल में प्रार्थी के पास पहुंचे सुनसान जगह देकर माचिस मांगने के बहाने प्रार्थी को रोककर उसका मोबाईल और रूपये से भरा बैग छीन कर फरार हो गये। घटना कर तीनों सुनसान खेत में पहुंचकर रकम गिने जो 780400 रू. था। जिसमें से भुपेन्द्र ने दो लाख, सुनील ने दो लाख और नाबालिक बालक ने एक लाख अस्सी हजार रूपये अपने हिस्से का रख लिया।। रकम वाली बैग और प्रार्थी के मोबाईल को वही सडक किनारे फेंक दिये, वहाँ से खैरागढ़ पहुंचकर मिथिलेश और ईश्वर साहू को उनके हिस्से का एक-एक लाख रूपये दिये। प्राप्त जानकारी के आधार पर टीम द्वारा बहेराभाठा जाकर भुपेन्द्र वर्मा और सुनील वर्मा को हिरासत में लिया गया एवं विधि से संघर्षरत् बालक से पुछताछ किया गया। पुछताछ पर तीनों ने अपराध घटित करना स्वीकार किया। तीनों आरोपियों के निशानदेही पर घटना स्थल से खैरागढ़ मार्ग पर बंद फैक्ट्री पास झाडीयों में प्रार्थी का लुटा गया मोबाईल बरामद किया गया। आरोपी सुनील वर्मा ने बताया कि प्राप्त रकम में से एक लाख पचास हजार का पल्सर मोटर सायकल लिया है। विधि से संघर्षरत् बालक ने अपने हिस्से के रकम में से साठ हजार रूपये का आई-फोन खरीदा मिथिलेश वर्मा ने प्राप्त रकम मे से 26000 रू. का मोबाईल खरीदा है। पांचों आरोपियों के मेमोरण्डम कथन के आधार पर भुपेन्द्र वर्मा से उसके घर में रखे लुट की रकम दो लाख नगद घटना में प्रयुक्त यामहा एफ जेड मो.सा. एवं घटना में प्रयुक्त मोबाईल, आरोपी सुनील वर्मा से लुट की रकम से खरीदा पल्सर मो.सा. लुट का नगद रकम 30000 रू. घटना में प्रयुक्त मोबाईल, आरोपी मिथिलेश वर्मा से लुट का नगद रकम 88500 रू. घटना में प्रयुक्त मोबाईल एवं मो.सा. आरोपी ईश्वर साहू से लुट का नगद रकम 115000 रू. घटना में प्रयुक्त मोबाईल एवं मो.सा. विधि से संघर्षरत् बालक से नगद 60000 रू. रूपये एवं लुट की रकम से खरीदा गया आई-फोन विवेचना टीम द्वारा लुटे गये नगद रकम में से 507380 रू नगद एवं लुट की रकम से खरीदा पल्सर मो.सा.कीमती 150000 रू. एवं लुट की रकम से खरीदे दो नग मोबाईल कीमती 96000 रू. कुल रकम 753500 रू. जप्त किया गया शेष 27000 रू. आरोपियों द्वारा दिवाली में खर्च करना बताया।

**0 प्रकरण में जप्त संपत्ति**

आरोपियों के पास से नगद 507380 रू., 06 नग मोबाईल 119000 रू, 04 मो.सा. 260000 रू. कुल रकम 886380 रू. जप्त किए।

आरोपियों के गिरफ्तारी एवं लुट किये गये संपत्ति के बरामदगी में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी निरी. अनिल शर्मा, उनि. राजकुमार महिलांगे थाना प्रभारी ठेलकाडीह, सउनि. टैलेश सिंह, प्र.आर कमलेश श्रीवास्तव, आर. विभाष सिंह, त्रिभुवन यदु, जयपाल कैवर्त, शिशुपाल साहू एवं सत्यनायारण साहू थाना ठेलकाडीह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महरूमखूर्द में राज्योत्सव जैसा माहौल, किया गया छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण

### पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने बछड़े पर सोहाई बांधी, उठाया गोद में महरूमखुर्द गांव में दिखी छत्तीसगढ़ की परंपरा का झलक

ठेलकाडीह (दावा)। छत्तीसगढ़ की माटी की परंपरा और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण महरूमखूर्द गांव में किया गया। उक्त कार्यक्रम राजनांदगावं ब्लॉक के ग्राम महरूमखूर्द में 7 नवंबर को संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य, अशोक देवांगन, राजेश श्यामकर, जनपद सभापति अमीन खान, जागेश्वर साहू, प्रखर श्रीवास्तव, नोमेश वर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व सांसद के स्वागत राउत नाचा के माध्यम से मंच तक लाया गया। बालिकाओं के द्वारा फुलों से स्वागत की गई। सिंह ने विधिविधान से पूजा कर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर प्रतिमा का अनावरण किया। इसके पूर्व जय माँ विद्यावासिनी बालिका मानस परिवार बोडरा धनेली बालोद की प्रस्तुति ने शमा बांधे रखा। उनकी प्रस्तुति करीब 2 बजे से शाम तक चली।



0 सोहाई बांधकर बछड़े को उठाया गोद में

ग्राम महरूमखूर्द में जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा अनावरण को लेकर तैयारी रही। इससे आसपास के ग्रामीण सहित गांव के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। गांव का माहौल राज्योत्सव जैसा लग रहा था। प्रतिमा को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण भी पहुंचे थे। प्रतिमा 7 फीट की है। इस दौरान पूर्व सांसद श्री सिंह ने छत्तीसगढ़ी परपंरा के अनुरूप खुद सिर पर खुमरी पहनकर बछड़े पर सोहाई बांधकर उसे अपने गोद में उठाया। इस दृश्य को देखकर ग्रामीण काफी गदगद हो गए। इसके अलावा कार्यक्रम में धान, पैरा सहित अन्य जो छत्तीसगढ़ी परंपरा को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया था। जिसे सभी अतिथियों व ग्रामीणों से सराहा।

### कोटवार, चरवाहा से लेकर मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में गांव के कोटवार, चपरासी, गाय चराने वाले चरवाहा सहित गांव के मेधावी विद्यार्थियों, मितानिन, स्वच्छता दीदीयों का पूर्व सांसद सिंह के हाथों सम्मानित किया गया। इस दौरान पंचायत चपरासी सुखबती महिपाल, चरवाहा गेवार यादव, मनहरण यादव, कोटवार सुखराम मैथिल क्षत्रिय, बलराम विश्वकर्मा, मितानित रामबाई वर्मा, कामनी देवांगन, सीता वर्मा, कुंती वर्मा, नीरा दुबे, पांचो महिपाल एंव स्वच्छता दीदी छमिता पाल, दुर्गा पाल, भानेश्वरी वर्मा, कचरी बाई वर्मा, लता पाल, भूनेश्वरी पाल को सम्मानित किया गया। इसी के साथ राज्य में 12वीं में 11स्थान और केसीजी जिले में प्रथम स्थान पाने वाली धनिका निषाद और प्रयास में चयन होने वाले मेधावी विद्यार्थी नागेश्वर निर्मलकर, दीपचंद वर्मा, दानेश्वरी वर्मा को सम्मानित किया गया। जोईधा वर्मा, जंयती वर्मा, विजयलाल साहू और दिनेश वर्मा को भी अतिथियों के हाथों सम्मान दिया गया।

### जनपद सभापति ने की घोषणा

छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा अनावरण में विशेष अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य व जनपद सभापति राजनांदगांव अमीन खान ने छत्तीसगढ़ महतारी शेड निर्माण के लिए 2 लाख एवं अंवतीबाई लोधी छत निर्माण 1 लाख 17 हजार व कर्मा माता मूर्ति हेतु घोषणा की। कार्यक्रम उपसरपंच नूतन वर्मा, सचिव ज्योति सिंग, सरपंच प्रतिनिधि नीलू वर्मा सहित पंचगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बलौदाबाजार में खुलेगा बीएड महाविद्यालय और ट्रांसपोर्ट नगर की होगी स्थापना - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



बलौदाबाजार (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करते हुए बलौदाबाजार में बीएड महाविद्यालय खोलने और ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए 60 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इन कार्यों में से 32 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद कमलेश जांगड़े और विधायक गुरू खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों में से 2100 हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र एवं 51 हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी। उन्होंने इस जिले में संचालित 'हम होंगे कामयाब अभियान' के अंतर्गत 51 युवाओं को सम्मान पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में किसानों ने 3100 रूपए प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री साय को धान से भरे टुकनी एवं पर्रा भेंटकर उनके प्रति आभार प्रकट किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्रति आवास के लिए 1 लाख 20 हजार रूपये के साथ ही मननरेगा से 90 दिनों की मजदूरी 21,870 रूपये एवं स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय हेतु 12 हजार रूपये खर्च किए जा रहे है। इस तरह प्रति आवास 1 लाख 53 हजार 870 रूपये दिया जा रहा है। आज इस तरह कुल 2100 आवास के लिए कुल 32 करोड़ 31 लाख रूपये का भूमिपूजन किया गया है।

## पहला कॉलम...

### झारखंड के जमशेदपुर में दलेश्वर ने संभाली चुनावी कमान



डोंगरगाँव (दावा)। झारखंड में विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छः विधानसभा क्षेत्र के लिए ए.आई. सी.सी. दिल्ली से नियुक्त पर्यवेक्षक दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.अंशुल अविजित, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे व ए.के.शास्त्री ए.आई. सी.सी. दिल्ली की उपस्थिति में चुनावी रणनीति को घर-घर तक पहुंचाकर चुनाव जीतने को सुनिश्चित बनाने हेतु बैठक ली. ज्ञात हो कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस को जमशेदपुर पूर्व व पश्चिम सीट मिली है. पूर्व से डॉ.अजय कुमार व पश्चिम से बन्ना गुप्ता प्रत्याशी हैं। दलेश्वर साहू के साथ किसान नेता गुलाब वर्मा, डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह सहित डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू प्रचार हेतु साथ है।

### कल श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज का दीपाली मिलन एवं अन्नकूट समारोह

डोंगरगढ़(दावा)। श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज डोंगरगढ़ के तत्वाधान में दिवाली मिलन सामारोह एवं अन्नकूट का आयोजन 10 नवंबर को महावीर मंदिर प्रांगण में किया जाना है। इस अवसर पर भगवान् परशुराम की पूजा अर्चना के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष अनिल शर्मा द्वारा दी गई।

### मेढ़ा मड़ई में मोटर सायकल की चोरी

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थी दीनाराम निषाद आत्मज कार्तिकराम निषाद निवासी ग्राम मुडपार थाना डोंगरगढ ने पुलिस को बताया कि, दिन सोमवार 4 नवंबर को शाम 6:30 बजे वह ग्राम मेढ़ा का मंडई बाजार सब्जी लेने मोटर साईकिल सी.डी. डिलक्स गाडी नं. सीजी 08 एके 7652 से आया था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी करके ले गया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पेंशनर सम्मेलन 11 को श्री मारवाड़ी धर्मशाला में

डोंगरगढ़(दावा)। मुख्य प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, डोंगरगढ़ शाखा द्वारा दिनांक 11 नवम्बर दिन सोमवार समय सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक श्री मारवाड़ी धर्मशाला, डोंगरगढ़ में पेंशनर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। पेंशनर बंधुओं से कहा गया है कि, आप अपना लाईफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए सादर आमंत्रित हैं।

आवश्यक दस्तावेज के साथ पेंशनर स्वयं उपस्थित होवे। जिसमें आधार कार्ड की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, पी.पी.ओ.(पेंशन पेमेन्ट आडर) की छायाप्रति, पासबुक के सामने पेज की छायाप्रति के साथ - साथ ओरिजनल पासबुक भी साथ लावे तथा नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज 1 फोटोग्राफ, पति/पत्नि का आधार कार्ड की छायाप्रति जन्मतिथि के प्रमाण हेतु आवश्यक है।

### पलांदुर के पूर्व सरपंच मानिकलाल वर्मा पर मारपीट का आरोप, प्राथमिक की दर्ज



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत पलांदुर के पूर्व सरपंच मानिकलाल वर्मा पर मारपीट का आरोप लगाकर प्रार्थीया द्वारा पुलिस चौकी मोहारा में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। प्रार्थीया श्रीमती दशमत भाई विश्वकर्मा पति सुखदेव विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम पलांदुर में रहती है, रोजी मजदूरी का काम करती है।

दिनांक 06 नवंबर को सुबह 09:00 बजे मैं भारा बांधने गांव में गई थी। शाम 04:00 बजे को वापस घर आयी तो मेरा पति घर में था। शाम करीबन 05:00 बजे तालाब के तरफ गुडाखु घसकर मुंह हाथ धोकर आता हूं बताकर गया था, मैं घर में थी। खाना बनाने के लिए चूल्हा जला रही थी। शाम करीबन 05:30 बजे के आस पास मेरे पति को मंथीर एवं बालमुकुंद मोटर सायकल में बैठाकर घर के सामने लाएं तो मैं देखी कि मेरा पति बेहोश है। सिर के बाएं कान तरफ चोंट लगने से खुन निकल रहा था एवं बांये हाथ पंजा एवं बांये पैर में चोंट खरोंच दिख रहा था। फिर वहां से डाक्टर संतु के यहां ले गए। जो बोले कि मैं हाथ नही लगाउंगा। उसके बाद मोटर सायकल में बैठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहारा लाए। घटना के समय मेरा जेठ बेटा शित विश्वकर्मा तालाब के पार में शौच गया था। जो घटना को देखा व सुना है। मारपीट से मेरे पति को काफी चोंट आयी है। घटना ग्राम पलांदुर स्थित पुराना तालाब के पास में बने पचरी की है।

## छठ का महापर्व, महावीर तालाब में महिलाओं ने की पूजा अर्चना



### श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की महिलाओं ने व्रती महिलाओं को दी बधाई

डोंगरगढ़ (दावा)। संतान के सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं ने छठी मैया की पूजा-अर्चना डूबते सूर्य नारायण को अर्घ्य देकर की। प्राचीन महावीर तालाब पर भक्त जनों का ताता लगा रहा। व्रती महिलाओं से लेकर बच्चे, युवा, बुजुर्गों की काफी भीड़ रही। विधि- विधान के साथ सरोवर में सूर्य नारायण को अर्घ्य देने के साथ उनकी विधिवत पूजा- अर्चना की गई। देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महिलाओं द्वारा अपने संतान की सुख-समृद्धि की कामना और परिवार की खुशहाली को लेकर तीन दिन पहले नहाय खाय के साथ पर्व की शुरूआत की गई थी।

षष्ठी तिथि होने के चलते विधि-विधान के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना की गई। व्रती महिलाओं के साथ- साथ परिवार के अन्य सदस्यों ने भी सूर्य नारायण अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना करते रहे। पूजन सामग्री में विशेष रूप से केला पत्ता से लेकर गन्ना, कपूर, दीपक, अगरबत्ती, धूपबत्ती, फूल, हरे पान के पत्ते, सुपारी, शहद, हल्दी, नारियल, अवत, केला, नाशपाती, शकरकंद, मिठाई को शामिल किया जाता है। 8 नवंबर को उगते सूर्य नारायण को अर्घ्य दिया जाएगा।

इस प्रकार से छठ पर्व की समाप्ति होगी। मंडल उपाध्यक्ष अंचला सिंह ठाकुर बताया कि, सामाजिक बहनों के साथ महावीर मंदिर प्राचीन हनुमान मंदिर तालाब घाट पर सभी छठी मैया की व्रतधारी महिला बहनों को बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर श्री राष्ट्रीय राजपुत करणी सेना की अध्यक्ष अंचला सिंह ठाकुर, मोना राणा, तन्नू राजपुत, द्विवेदी भाभी, स्मिता बाजपेई, वंदना तिवारी, सभी पुष्पा सिंह, सुलभा राठौड़,शीतल शुक्ला ,प्रिया राजपूत संगीता डे शाहिद बड़ी संख्या में संगठन की महिलाएं उपस्थिति रही।

### चूल्हा जलाने से दीवाल खराब होने को लेकर देवरानी-जेठानी के बीच विवाद

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थिया सोनप्रभा सहारे पति विनोद सहारे निवासी दंतेश्वरी पारा ने पुलिस को बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करती है। दिनांक 07 नवंबर को सुबह 08:00 बजे वह घर पर थी कि मेरी जेठानी नीतू सहारे हमारे घर के दीवाल के पास चूल्हा जला रही थी तब मै बोली अपने जगह में चूल्हा जलाओ हमारे घर का दीवाल खराब हो जाएगा। इसी बात पर मेरी जेठानी नीतू सहारे मेरे को गंदी-गंदी गाली गुप्तार देने लगी। तब मेरे द्वारा मना करने पर मुझे हाथ मुक्का से पीठ एवं गाल में मारपीट किये जिससे मेरे पीठ में दर्द हो रहा है। उसी समय मेरी जेठानी की मां लक्ष्मी बोरकर आई और दोनो एक राय होकर जान से मार देंगें कहकर मेरे पेट में बैठकर हाथ मुक्का से मारपीट किया है। जिससे मुझे पेट में दर्द हो रहा है। घटना को मेरे पति विनोद सहारे देखे सुने एवं बीच बचाव किये है। प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने विवेचना में लिया है।

## गोपाष्टमी में गनेरी गौशाला में रविवार को विविध आयोजन



डोंगरगाँव (दावा)। समीपस्थ ग्राम गनेरी में सूखानाला बैराँज के समीप स्थित श्री गणेश गौशाला में गोपाष्टमी का आयोजन 10 नवम्बर रविवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धूमधाम से किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए गौशाला के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर गौशाला के संरक्षक बालयोगेश्वर श्रीरामबालकदास महात्यागी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। प्रातः 10 बजे से संध्या 6 बजे तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में गौपूजन, बाबाजी के आशीर्वचन एवं खिचड़ी प्रसादी वितरण होगा। कार्यक्रम में श्री गणेश गौशाला गनेरी के सहसंरक्षक राजीव यदु, संयोजक शशांक साहू व राकेश दुबे, अध्यक्ष इन्द्र कुमार गंगबेर, सचिव कंवलराम कंवर सहित उपाध्यक्ष बल्देवसिंह राजपूत, टिकेश साहू उपसचिव, लालदास यादव कोषाध्यक्ष, मिथलेश महाराज निरीक्षक एवं सदस्यगण अंकालूराम लखनलाल कंवर, दीपक बनौटे, रामलाल साहू, रमेशु टेकाम, घनश्याम सिंह राजपूत आदि की सक्रिय भूमिका होगी।

## मुख्यमंत्री निवास का कहकर बीच रास्ते में मांगा ज्ञापन, किसान प्रतिनिधि मंडल ने किया इनकार, कहा ये तो धोखा है



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश किसान संघ के तत्वावधान में बुधवार को चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री का ब्यानार्षित करने के उद्देश्य से 6 नवंबर को आयोजित मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा राजनांदगांव से रायपुर में भाग लेने हजारों की संख्या में किसान बसों एवं चार पहिया वाहनों से कृषि उपज मंडी पहुंचे थे।

एक दिन पूर्व मंगलवार को किसान संघ के प्रतिनिधियों की कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में यात्रा एवं चारों मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई थी। चार मांगों में से तीन मांगे राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त 117 रुपये समर्थन मूल्य का लाभ देते हुए, 3217 रूपये की दर से धान खरीदी, धान खरीदी 13 फरवरी तक चलाने की मांग नीति विषयक है और यह जिला प्रशासन के अधिकार क्षेत्र से बाहर का विषय बताया गया एवं चौथी मांग रबी फसल धान की उपज को हतोत्साहित नहीं करने की मांग की जा रही है, पर कलेक्टर ने विस्तार से बात रखी एवं धान बोने पर आर्थिक दंड की बात को निराधार एवं भ्रामक बताया। किसान प्रतिनिधियों के आग्रह पर इस संबंध में निर्देश जारी करने सहमति जताई एवं तत्काल निर्देश निकलवाया भी एवं यात्रा से पहले किसानों से चर्चा की इच्छा भी जताई, कृषि उपज मंडी या जिला कार्यालय में मिलने की बात कही। यात्रा शुरू करने के पहले किसानों ने आपस में चर्चा की एवं कलेक्टर के आमंत्रण के मद्देनजर जिला कर्यालय होते हुए यात्रा आगे बढ़ाने का तय कर एडीएम के माध्यम से सूचना दी गई। कलेक्टर स्वयं कृषि उपज मंडी पहुंचे, किसानों को अपनी बातें विस्तार से बताई एवं कहा कोई आर्थिक दंड का निर्देश जारी नहीं हुआ है, हम कम पानी चाहने वाली अधिक आमदानी की फसल लेने किसानों से अपील कर रहे है। कौन सी फसल लेना है ये तो किसान को ही तय करना है। आगे यात्रा को लेकर प्रशासन और किसानों में लंबे संवाद के बाद तय हुआ कि मुख्यंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा अंजोरा तक निकाली जावेगी एवं वहां से दस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उपलब्ध प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपेगा। मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण यात्रा कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर अंजोरा में संपन्न हुई। आगे प्रतिनिधि मंडल को कुम्हारी टोल नाका पर रोका गया। बड़ी संख्या में पुलिस तैनात थी। यहां पर उपस्थित एक अधिकारी को ज्ञापन सौंपने कहा गया, जिन्हें मुख्यमंत्री निवास का प्रतिनिधि बताते हुए मुख्यमंत्री तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल ने बार-बार निवेदन किया कि किसानों ने हमें मुख्यमंत्री निवास तक ज्ञापन पहुंचाने भेजा है, वहां पर हम किसी विशिष्ट व्यक्ति या अधिकारी को ज्ञापन देन की बात नहीं कर रहे, हम किसी भी स्टॉफ को ज्ञापन सौंपने तैयार है, पर बहुत सारे नियम कायदों का हवाला देते हुए कहा गया कि आप लोग वहां नहीं जा सकते। ऐसे में बिना ज्ञापन दिए ही प्रतिनिधि मंडल वहां से वापस लौट आया। प्रदेश किसान संघ ने इसे किसानों के साथ धोखा करार दिया है। पहले बताया गया होता कि मुख्यमंत्री निवास के बजाए बीच रास्ते में ज्ञापन दिया जाना है, तो हम उनके साथ जाते ही क्यों, अपनी यात्रा अंजोरा तक सीमित करने की बात भी नहीं मानते। प्रशासन को इस तरह की चालाकियों से बचना चाहिए, इससे न सिर्फ उनकी विश्वसनीयता खत्म होती है, बल्कि सरकार के खिलाफ भी आप आक्रोश पैदा करते है।

मानपुर के किसानों को भी रोका गया। मुख्यमत्री ध्यानाकर्षण यात्रा में भाग लेने आ रहे किसानो को मानपुर पुलिस ने नहीं आने दिया। तय कार्यक्रम के अनुसार दूरी को देखते हुए मोहला मानपुर के किसानों को 5 नवंबर मंगलवार की रात तक राजनांदगाव पहुंचना था। एक-एक कर आ रही गाड़ियों को पुलिस भगाते गई देर रात कुछ गाड़ियों को रोकने पर पुलिस को कार्यक्रम का अनुमति पत्र भी वाट्सएप के माध्यम से भेजा गया, ज्ञापन की प्रति मांगी गई वो भी भेजी गई बाद में अधिकारी फोन पर बात करने से इंकार कर दिए और 30 हजार का चालान काटने की धमकी किसानों को दिए। फिर विवश होकर किसानों को वापस होना पड़ा। प्रदेश किसान संघ पुलिस एवं प्रशासन के इस तरह के रवैय्ये की निंदा करता है। प्रशासन एवं पुलिस गैर जिम्मेदार व अलोकतांत्रिक रवैय्ये से जनता में आक्रोश सरकार के खिलाफ भड़कता है। हमें पूरा भरोसा है कि सरकार अधिकारियों के ऐसे रवैय्ये से सहमत नहीं होगी। अतः हम मांग करते हैं कि प्रतिनिधि मंडल धोखा प्रकरण एवं मानपुर प्रकरण पर कार्यवाही कर कड़ा संदेश देते हुए मूल विषय तीन नीतिगत मांगों का संज्ञान ले। जल्द ही किसान संघ की बैठक कर ज्ञापनों एवं आगे की रणनीति पर चर्चा की जायेगी।

## आज से कोंडागांव में दो दिवसीय प्रदेश व्यापी मैराथन बैठक का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 6472 विभिन्न एजेंडे को लेकर जिला कोंडागांव में 9 एवं 10 नवंबर को प्रदेशव्यापी मैराथन बैठक का आह्वान किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष संभाग अध्यक्ष एवं प्रांतीय पदाधिकारी जिला मुख्यालय कोंडागांव में दो दिवसीय दो सत्रों में होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे।

कर्मचारी नियमितीकरण नहीं किए जाने से काफी नाराज है और सरकार को कई बार पत्राचार एवं प्रत्यक्ष मेल मुलाकात कर सर्कुलर भी जारी कराए गए हैं इसी कार्यक्रम में विगत दिनों संघ के द्वारा प्रांतीय निकाय पर एक दिवसीय मंत्रालय घेराव कर सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में संघ प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा बैठक आहूत कर अक्टूबर 2023 को विस्तृत निर्देश जारी कराए गए निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की समस्याओं के लिए जिला कलेक्टर सक्षम प्राधिकारी है इसका विषय मुख्य रूप से आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सहित शिक्षा विभाग लोक निर्माण विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी वन विभाग उद्यानिकी विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जल संसाधन विभाग आदि विभागों में दैनिक वेतनभोगी कार्यरत हैं उन्हें नियमित करण करना है जिसके लिए सक्षम अधिकारी कलेक्टर को बताया गया है। अक्टूबर 2023 को सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी सर्कुलर में आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जो सीधी भर्ती पंचायत प्रस्ताव एवं अन्य व्यवस्थाओं पर कार्यरत है। इन कर्मचारियों का युक्ति युक्त करण कर नियमित वेतनमान देने के लिए कलेक्टर को सक्षम अधिकारी होने के निर्देश जारी किए गए इन्हीं निर्देशों के तहत सभी जिलों के कलेक्टरों को आदिवासी विकास विभाग में कार्य करने वाले कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित वेतनमान दिया जाना है लेकिन संघ के द्वारा अधिकांश जिलों में धरना प्रदर्शन तक करके इस निर्देश को लागू करने के लिए निवेदन किया गया लेकिन जिलाधिकारी के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है कई जिलों में कार्रवाई जरूर शुरू हुई है किंतु वह काफी धीमी है जिससे कर्मचारी नाराज है।

0 बैठक की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष बिंदेश्वर राम रौतिया करेंगे

योगेश चौरे प्रांतीय महामंत्री की ओर से बताया गया कि, दो दिवसीय सत्र में कर्मचारी प्रतिनिधि कोंडागांव में जुटेंगे और महा मैराथन बैठक में सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की रणनीति बना सकते हैं बैठक की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष बिंदेश्वर राम रौतिया करेंगे। बैठक में बड़ा फैसला लेंगे देखने वाली बात है कि कर्मचारी संघ के जिला तहसील संभाग के पदाधिकारी प्रांत पर किस प्रकार से अपनी बात रखते हैं और हड़ताल अथवा अन्य आंदोलन की रणनीति बनाते हैं वहीं प्रांत अध्यक्ष ने कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों से आह्वान किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित हो क्योंकि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की ज्वलन समस्या को देखते हुए आगामी हड़ताल की रणनीति बनाया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है और संघ आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग के कर्मचारियों को नियमित कारण करने सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों को नियमित कारण करने के लिए वचनबद्ध है क्योंकि वर्ष 2007 नवंबर की अनिश्चितकालीन हड़ताल में संघ के द्वारा हजारों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जा चुका है इस बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी तथा वन विभाग के कर्मचारियों का मुख्य एजेंडा बना लिया गया है बैठक के पश्चात सामान्य प्रशासन विभाग को मेमो समरी सौप जाएगा और अति शीघ्र नियमितीकरण के लिए आदेश जारी हेतु निवेदन किया जाएगा जिसमें विभाग के सेटअप के अनुसार रिक्त पदों की जानकारी भी शामिल है यदि सरकार समय पर नियमित करण आदेश जारी नहीं करती है तो दो दिवसीय मैराथन बैठक में आगे की रणनीति बनाकर हड़ताल पर जाने का भी निर्णय लिया जा सकता है अतः सभी साथी समय को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित होने की अपील करते हैं।

# पहला कॉलम...

## भारत ने सस्ता रूसी तेल खरीदकर पूरी दुनिया पर किया अहसान - हरदीप सिंह पुरी

नई दिल्ली। भारत ने रूस से तेल खरीदकर दुनिया पर एक अहसान किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह बड़ी बात कही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखा है। उन्होंने लिखा, भारत ने रूस से तेल खरीदकर पूरी दुनिया पर एक अहसान किया है। क्योंकि अगर हमने ऐसा नहीं किया होता, वैश्विक तेल कीमतें 200 डॉलर प्रति बैलर तक पहुंच जाती। पुरी ने इस तरह से भारत द्वारा सस्ता रूसी तेल खरीदने की आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया है। पुरी ने अपनी पोस्ट में एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वे इंटरव्यू देते नजर आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगे थे, बल्कि प्राइस कैप लगा था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्थाओं ने इसका पालन किया है। पुरी ने कहा, %कुछ अज्ञानी कमेंटेटर्स ने रूसी तेल खरीदने पर भारत पर प्रतिबंध लगाने की बात की थी। जबकि कई यूरोपीय और एशियाई देशों ने भी रूस से अरबों डॉलर का क्रूड ऑयल, डीजल, एलएनजी और दूसरे महत्वपूर्ण खनीज खरीदे हैं। पुरी ने आगे कहा कि हम लगातार उन सभी से एनर्जी खरीदेंगे, जो हमारी कंपनियों को सबसे कम रेट ऑफर कर रहे हैं। यह पीएम नरेंद्री मोदी की लीडरशिप का कॉन्फिडेंस है। उन्होंने कहा, %हम हमारे उन 7 करोड़ नागरिकों के लिए एनर्जी की स्टेबल अवेलेबिलिटी, अफॉर्डेबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी सुनिश्चित करेंगे, जो रोज पेट्रोल पंप विजिट करते हैं। यह हमारी टॉप प्रायोरिटी है।

## मोहम्मद नबी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे क्रिकेट से लेंगे संन्यास



नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर मोहम्मद नबी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट उनके करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। नबी के संन्यास की पुष्टि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी नसीब खान ने क्रिकबज से की। मोहम्मद नबी ने वनडे डेब्यू 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ किया था। अपने पहले मैच में ही उन्होंने अर्धशतक जड़कर अपनी काबिलियत का नजारा दुनिया को पेश किया था। अभी तक मोहम्मद नबी कुल 165 वनडे मैच खेल चुके हैं, जिसमें उनके बल्ले से 3549 रन बने हैं, जबकि गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 171 विकेट लिए हैं। वह मौजूदा समय में बांग्लादेश के खिलाफ यूएई में वनडे सीरीज खेल रहे हैं। दरअसल, क्रिकबज से बातचीत करते हुए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ एक्स्यूटिव नसीब खान ने कहा कि हां, नबी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने वाले हैं। उन्होंने यह जानकारी बोर्ड को दी। उन्होंने कुछ महीने पहले मुझसे कहा कि वह अपने ह्लष्ठढ्ढ करियर को चैंपियंस ट्रॉफी के बाद खत्म करना चाहते हैं और हम उनके फैसले को स्वीकार करते हैं। हमें समझ आ रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वह टी20 करियर पर फोकस करना चाहते हैं और अभी तक उनका ये ही प्लान है।

## गाजा में इजरायली टैंक के हमले से 10 लोगों की मौत



काहिरा। इजरायली बलों ने गुरुवार को गाजा पट्टी पर बमबारी तेज कर दी है। इजरायली टैंक एक बार फिर तेजी से उत्तरी गाजा की कालोनियों में घुसने लगे हैं। इजरायली सेना ने लोगों को वहां से जल्द निकासी का आदेश दिया है। ताजा इजरायली हमले में गाजा में 10 लोगों की मौत हो गई है। इससे डर कर उत्तरी गाजा से फिर विस्थापन की एक नई लहर पैदा हो गई है। अब फिलिस्तीनियों को डर है कि वे दोबारा यहां वापस नहीं लौट पाएंगे। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि गाजा शहर में शाती शरणार्थी शिविर में विस्थापित परिवारों के एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। वहीं इज़रायली सेना ने कहा कि हमले ने परिसर के अंदर बने हमास कमांड सेंटर को निशाना बनाया, जो पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित स्कूल के रूप में काम करता था। इसने हमास पर सैन्य उद्देश्यों के लिए नागरिक सुविधाओं का शोषण करने का आरोप लगाया, जिससे समूह इनकार करता है। रिहाइशी इलाकों में इजरायली टैंकों के घुसते ही भगदड़ मचनी शुरू हो गई।

# भारत ने साउथ अफ्रीका को 61 रन से हराया पहले टी-20 में संजू सैमसन का शतक

### वरूण चक्रवर्ती और बिश्नोई ने 3-3 विकेट लिए



डरबन। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय टीम ने अपने नाम किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन बनाए। जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 141 रन ही बना सकी और 61 रनों से मुकाबले को गंवा बैठी। इसके साथ ही भारत ने सीरीज में बढ़ हासिल कर ली है।

वरुण चक्रवर्ती ने एक बार फिर गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटकने में कामयाबी हासिल की। दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को आउट कर वरुण चक्रवर्ती ने इस मुकाबले को भारत की तरफ खींच लिया। ट्रिस्टन स्टब्स से अफ्रीका को काफी उम्मीदें थी, लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स को आवेश खान ने पवेलियन भेजने का काम किया।

### संजू सैमसन ने जड़ा शतक

डरबन के मैदान पर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपनी शानदार बैटिंग से सभी का दिल जीत लिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 इंटरनेशनल मैच में सैमसन ने केवल 47 गेंदों में अपनी सेंचुरी पूरी की। यह उनके टी-20 इंटरनेशनल करियर का लगातार दूसरा शतक था।

इस शतक के साथ ही सैमसन ने वह कारनामा किया, जिसे भारत के बड़े नाम जैसे रोहित शर्मा, विराट कोहली और एमएस धोनी भी हासिल नहीं कर सके हैं। 107 रन की अपनी विस्फोटक पारी में संजू ने 10 शानदार छक्के मारे। जिसकी बदौलत भारतीय टीम 200 से अधिक रन बनाने में कामयाब रही।

## इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश सेमीफाइनल में



लखनऊ। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश की टीमों ने जीत दर्ज करते हुए इकाना मीडिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने दूरदर्शन-आकाशवाणी को 83 रन और मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश ने दैनिक जागरण को छह विकेट से हराया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में दैनिक जागरण ने नौ विकेट पर 120 रन बनाए।

प्रहलाद मावड़ी ने 31 और अंकुर दीक्षित और श्यामू ने 28-28 रन बनाए। राघवेंद्र पांडेय ने तीन और दिनेश त्रिपाठी ने दो विकेट लिए। जवाब में मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश ने 16 ओवर में चार विकेट खोकर 123 रन बना कर जीत दर्ज की। वैभव ने 42 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 55 रन बनाए, जबकि विक्रम श्रीवास्तव ने नाबाद 29 रन बनाए। विकास मिश्रा को दो विकेट मिले।

दूसरे मुकाबले में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने तीन विकेट पर 145 रन बनाए। देवेश पांडेय ने 42 और मयूर शुक्ला ने 32 रन बनाए। जितेंद्र, शैलेंद्र और रवि सिन्हा ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में दूरदर्शन-आकाशवाणी की टीम 14.5 ओवरों में 62 रनों पर ही सिमट गई। भोले राम ने सबसे अधिक 20 रन बनाए। मयूर ने छह रन और दीपक तनेजा ने 17 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए।

## हारिस रऊफ ने ऑस्ट्रेलिया में रच दिया इतिहास



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। पहला मैच जीतकर मेजबान ऑस्ट्रेलिया सीरीज में कम स्कोर पर आउट करने का श्रेय पाकिस्तान की शानदार गेंदबाजी को जाता है जिन्होंने पहले ही ओवर से कसी हुई गेंदबाजी कि और मेजबान टीम के किसी भी बल्लेबाज को क्रीज पर जमने नहीं दिया। पाकिस्तान के लिए वैसे तो सभी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन हारिस रऊफ ने 5 विकेट लेकर कमाल ही कर दिया। रऊफ ने जोश इंग्लिस, मार्नश लाबुशेन, आरोन हार्डी, ग्लेन मैक्सवेल और पैट कमिंस को अपना शिकार बनाया। तेज गेंदबाज ने 8 ओवर में 35 रन देकर ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को पवेलियन की राह दिखाई। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत हारिस रऊफ ने इतिहास रच दिया।

दरअसल, हारिस रऊफ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में एडिलेड ओवल में 5 विकेट लेने वाले पहले पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हैं। ओवरऑल ऐसा करने वाले वह दूसरे पाकिस्तानी गेंदबाज हैं। इससे पहले स्पिनर सकलैन मुश्ताक ने साल 1996 में इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट लेने का बड़ा कारनामा किया था। यही नहीं, हारिस इस मैदान पर 5 विकेट लेने वाले तीसरे पाकिस्तानी बॉलर हैं। हारिस और सकलैन ने वनडे में एडिलेड ओवल ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये बड़ी उपलब्धि हासिल की जबकि सोहेल खान ने भारत के खिलाफ ये बड़ा मुकाम हासिल किया था।

## पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को चारो खाने चित्त कर सीरीज पर की बराबरी



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच खेली जा रही वनडे सीरीज दो मैचों के बाद अब बराबरी पर आ गई है। दोनों टीमों ने एक एक मैच जीत लिया है, अब तीसरे और आखिरी मुकाबले से तय होगा कि कौन सी टीम सीरीज अपने नाम करेगी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिहाज से ये सीरीज काफी अहम होने जा रही है। इस बीच पाकिस्तान ने जो करिश्मा आज किया है, इससे पहले कभी नहीं हुआ था। टीम ने अपना अब से करीब 43 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

### 43 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा

पाकिस्तान की ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे क्रिकेट की ये सबसे बड़ी जीत है। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से दिए गए एक छोटे से स्कोर को 141 बॉल शेष रहते केवल एक ही विकेट खोकर हासिल कर लिया। यानी पाकिस्तान को पूरे 9 विकेट से जीत मिली है। इससे पहले पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को उसी की सरजमीं पर साल 1981 में 6 विकेट से हराया था, ये मुकाबला सिडनी में खेला गया था। ये उसकी विकेट के हिसाब से सबसे बड़ी जीत थी। वहीं अगर गेंद शेष रहते हुए जीत की बात की जाए तो साल 2022 में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को लाहौर में 73 बॉल शेष रहते मात दी थी। यानी अब दोनों मामलों में ये पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत हो गई है।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केवल 163 रन ही बनाए थे। टीम के सभी विकेट गिर गए थे और कंगारू टीम केवल 35 ओवर ही बल्लेबाजी कर पाई। यानी पाकिस्तान के सामने केवल 164 रनों का ही लक्ष्य था। जिसे टीम ने केवल 26.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच में पाकिस्तान की खास बात ये रही कि पहले गेंदबाजों ने अपना ?काम बाखूबी अंजाम दिया और जब बल्ले?बाजों की बारी आई, तो उन्होंने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजायरा पेश किया। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक के बीच पहले विकेट के लिए 137 रनों की पार्टनरशिप हुई। टीम की जीत की आधारशिला तो यहीं पर रख दी गई थी। सैम अयूब ने आउट होने से पहले 71 बॉल पर 82 रनों की शानदार पारी खेली। इसमें 5 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। वहीं अब्दुल्लाह शफीक 69 बॉल पर 64 रन बनाकर आखिरी तक नाबाद रहे। उन्होंने चार चौके और 3 छक्के लगाए। आखिरी में आए पूर्व कप्तान बाबर आजम ने 20 बॉल पर 15 रन बनाए। उन्होंने सिक्स लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## आपातकालीन लैंडिंग, रनवे पर भीषण आग लगने से मचा हड़कंप




वेलिंगटनः ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से उड़ान भरने वाले एक यात्री विमान के इंजन में शुक्रवार को खराबी आने के कारण विमान को सुरक्षित आपात लैंडिंग से पहले कई चक्कर लगाने पड़े। इससे रनवे पर ही भीषण आग लग गई। क्वांटस एयरलाइन ने यह जानकारी दी। सिडनी हवाई अड्डे ने एक बयान में कहा कि उसी समय रनवे के एक तरफ मौजूद घास में आग लग गई। हालांकि यह पता नहीं चल पाया है कि दोनों घटनाएं आपस में जुड़ी हुई हैं या नहीं। आग लगने के बाद मौके पर यात्रियों और स्टाफ के बीच भगदड़ मच गई।

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन उड़ानों में देरी की आशंका है। 'क्वांटस' एयरलाइन ने यह नहीं बताया कि ब्रिस्बेन जा रहे ट्विन जेट बोइंग 737-800 में जब जोरदार धमाके के साथ इंजन फेल हुआ तो उस वक्त विमान में कितने यात्री सवार थे। घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। 'क्वांटस' के मुख्य पायलट कैप्टन रिचर्ड टोबियानो ने एक बयान में कहा, हम समझते हैं कि यह ग्राहकों के लिए एक परेशान करने वाला अनुभव रहा होगा और हम सहायता प्रदान करने के लिए आज दोपहर सभी ग्राहकों से संपर्क करेंगे।

अधिकारियों ने कहा कि अभी तक घटना के पीछे की वजह पता नहीं है। हम इंजन की समस्या के कारण की भी जांच करेंगे।ज्ज् सिडनी हवाई अड्डे ने कहा कि उसका मुख्य रनवे अब भी चालू है।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बताया 'महान देश', बोले...



मॉस्को। पुतिन ने अपने संबोधन में कहा कि हम भारत के साथ अपने रिश्तों को विभिन्न क्षेत्रों में विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश हैं। यह आर्थिक विकास के मामले में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भी प्रमुख है। इसकी जीडीपी 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर भारत की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत और रूस में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। पुतिन ने भारत को महान देश बताया और कहा कि भारत की आर्थिक तरक्की और इसकी विशालता को ध्यान में रखते हुए इसे वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। पुतिन ने रूस के सोची शहर में वालदाई डिस्कशन क्लब नामक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान ये बातें कही। पुतिन ने अपने संबोधन में कहा कि 'हम भारत के साथ अपने रिश्तों को विभिन्न क्षेत्रों में विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश हैं। यह आर्थिक विकास के मामले में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भी प्रमुख है। इसकी जीडीपी 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। रूस और भारत के बीच सहयोग हर साल बढ़ रहा है।' पुतिन ने सोवियत संघ के समय से भारत के साथ रूस के रिश्तों पर बात की और दोनों देशों के रिश्तों को बेहद खास बताया। पुतिन ने कहा कि सोवियत संघ ने भारत की आजादी में भी भूमिका निभाई थी। पुतिन ने कहा कि 'भारत को वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। यह डेढ़ अरब लोगों का देश है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसकी संस्कृति बेहद प्राचीन है और इसमें भविष्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं।' रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और रूस रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं के पास कई रूसी हथियार हैं। इससे दोनों देशों के बीच के भरोसे का पता चलता है।

## प्रथम पेज का शेष

***दो साल में अमेरिकन नेटवर्क जैसी ...***

यूट्यूब पर गोल्डन बटन मिला, आईआरसी का पोर्टल शुरू करने का सुझाव- उन्होंने कहा कि, पारदर्शिता, समयबद्धता, करप्शन फ्री सिस्टम होना चाहिए। आज सोशल मीडिया का जमाना है। दो दिन पहले यूट्यूब से मुझे गोल्ड बटन मिला। लोगों से सुझाव लेने आईआरसी अपना पोर्टल शुरू करें। मैं दावे से कह सकता हूं.. लोगों से रोड सेफ्टी के लिए अच्छे सुझाव मिलेंगे।

***सीजेआई चंद्रचूड़ विदाई समारोह में ...***

अगर कोर्ट में किसी कोई तकलीफ पहुंची हो तो मैं विनम्रतापूर्व माफी चाहता हूं।अंत में धन्यवाद देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आप सभी का दिल से धन्यवाद, आप इतनी बड़ी संख्या में यहां आए। इसके लिए मैं सदा कृतज्ञ रहूंगा।'

***आर्टिकल 370 की बहाली का प्रस्ताव....***

हम जैसे लोग जनता को ईश्वर का रूप मानते हैं, जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। वहीं कुछ लोगों की राजनीति का आधार है 'लोगों को लूटना'। जब लोगों को लूटने की नीयत वाले एमवीए में शामिल लोग सरकार में आ जाते हैं तो वो विकास रोक देते हैं, हर योजना में भ्रष्टाचार करते हैं।

'महाविकास आघाडी ने विकास को रोका'- पीएम मोदी ने आगे कहा, आपने महाविकास आघाडी वालों के धोखे से बनी सरकार के 2.5 साल देखें हैं। इन लोगों ने पहले सरकार लूटी और फिर महाराष्ट्र के लोगों को लूटने में भी वो लोग लग गए थे। इन लोगों ने मेट्रो परियोजनाओं को ठप्प कर दिया। वधावन पोर्ट के काम में अड़ंगा लगा दिया, समृद्धि महामार्ग बनने में रुकावटें पैदा की। अघाड़ी वालों ने हर उस योजना पर रोक लगा दी, जिससे महाराष्ट्र के लोगों का भविष्य निश्चित उज्ज्वल होने वाला था। शिंदे सरकार के गठन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, फिर आपके आशीर्वाद से यहां महायुति की सरकार बनी। महायुति की सरकार ने 2.5 वर्षों में महाराष्ट्र ने विकास के नए रिकॉर्ड बनाएं। सीएम शिंदे की कमान में 2.5 वर्षों में महाराष्ट्र को उसका गौरव और विकास का भरोसा वापस मिला है।

मराठी भाषा का सम्मान बढ़ाया- मोदी- इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, मुझे गर्व है कि हमारी सरकार ने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है। मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिले, ये दशकों से महाराष्ट्र के लोगों की इच्छा थी। कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र और केंद्र, दोनों जगह एक साथ सरकारें चलाईं। लेकिन, मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा मिले, इन्हें इसकी जरूरत नहीं लगी। इन्होंने हमेशा मराठी भाषा के सम्मान की मांग को अनदेखा किया। उन्हें अब भी परेशानी हो रही है कि मोदी ने ये काम कैसे कर दिया, क्यों कर दिया! महाराष्ट्र के नाम पर राजनीति करने वाले अघाड़ी वालों का यही असली चेहरा है। बता दें कि महाराष्ट्र की सभी 288 सीट पर 20 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

***धान खरीदी : डीओ की अदला...***

जिसके तहत एफसीआई और नान की टीम ऑपरेशन चलाएगी। जिसमें उपलब्ध स्टाक और मिल के क्षमता अनुसार हर माह मिलिंग की जानकारी एंट्री की जाएगी। साथ ही मॉनिटरिंग की वीडियोग्राफी तैयार कर इसे केन्द्र के पोर्टल में सबमिट करना होगा।

जीपीएस सिस्टम से होगी मॉनिटरिंग

खाद्य विभाग के अफसरों ने बताया कि, इस बार ट्रक में जीपीएस सिस्टम लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। सिर्फ जीपीएस लगाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि ट्रक के लोड होने और अनलोड होने तक की एंट्री करनी होगी। इसकी एंट्री भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल में होगी। बताया जा रहा है कि समर्थन।

पॉलिसी लागू- मार्कफेड प्रबंध संचालक ने बताया कि, उपार्जन केन्द्र से धान उठाने वाले ट्रक की जानकारी पोर्टल में दर्ज की जाएगी, वहीं अनलोड पर भी नजर रखी जाएगी। यह सही है कि इस बार पॉलिसी में प्रावधान किया गया है।

***एएमयू पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ...***

शीर्ष अदालत ने फैसले की घोषणा के साथ ही मामले को तीन न्यायाधीशों की पीठ को सौंप दिया ताकि 2006 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से उत्पन्न मुद्दे पर निर्णय लिया जा सके, जिसने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को उसके अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित कर दिया था।

पीठ ने कहा कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मुद्दा अब एक नियमित पीठ द्वारा तय किया जाना है, ताकि तथ्यात्मक निर्धारण किया जा सके कि क्या इसे अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित किया गया था। वर्ष 1967 में 'एस अज़ीज़ बाशा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया' मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। वर्ष 1981 में संसद द्वारा एएमयू (संशोधन) अधिनियम पारित किए जाने पर इसका अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जनवरी 2006 में 1981 के कानून के उस प्रावधान को रद्द कर दिया था, जिसके तहत विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया था।

## राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में उतरेंगे पेरिस ओलंपिक पदक विजेता अमन, बंगलुरू में होगा आयोजन



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत छह से आठ दिसंबर तक बंगलुरू होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले स्टार खिलाड़ियों में शामिल होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने इसकी पुष्टि की।

अमन के अलावा अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल, 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया, अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा, ओलंपियन सोनम मलिक, राधिका, मनीषा भानवाला, बिपाशा, प्रिया, उदित, चिराग, सुनील कुमार और नरिंदर चीमा भी मैट पर उतरेंगे। यह प्रतियोगिता कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में होगी और इस चैंपियनशिप में 25 संबद्ध राज्य सदस्य इकाइयों के अलावा रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) और सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएसपीबी) के 1000 से अधिक प्रतिभागियों और अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है।

दिलचस्प बात यह है कि साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने हाल ही में निलंबित डब्ल्यूएफआई द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन को अदालत में चुनौती दी थी। अदालत ने चैंपियनशिप के लिए मंजूरी दे दी थी, लेकिन कहा था कि रैंकिंग तय करने और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारत की प्रविष्टियों पर निर्णय लेने के लिए इसके परिणामों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा, हम इस फैसले के खिलाफ अपील करने जा रहे हैं। हम राष्ट्रीय स्तर के परिणामों को कैसे नजरअंदाज कर सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।

## ओलंपिक 2028 में खेलती नजर आएंगी बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी थीं और उनकी इन खेलों में पदक जीतने की हैट्रिक लगाने की उम्मीद धूमिल हो गई थी। अगला ओलंपिक चार साल बाद है और इस बात की चर्चा है कि सिंधू अगला ओलिंपक खेल पाएंगी या नहीं। अब इस पर उन्होंने अपनी राय रखी है और कहा है कि उनमें अब भी काफी कुछ हासिल करने की क्षमता है।

सिंधू का मानना है कि उनमें बीडब्ल्यूएफ सर्किट पर काफी खिताब जीतने की काबिलियत है लेकिन उनकी निगाहें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों पर लगी रहेंगी। अमेरिका में होने वाले ओलंपिक तक वह 33 वर्ष की हो जाएंगी। हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि अगर वह चोट-मुक्त रहीं और शारीरिक रूप से फिट रहीं तो उनका लक्ष्य तीसरा ओलंपिक पदक जीतना होगा।

# चाय और बिस्किट खाने से भी हो रही एसिडिटी तो इस बीमारी के हैं संकेत



**अगर आप रोज खाली पेट चाय-बिस्किट खाते हैं तो यह आपकी सेहत के लिए काफी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है. आज हम आपको विस्तार से बताएंगे सेहत पर इसके होने वाले नुकसान.**

भारत में ऐसा कल्चर बना हुआ है कि सुबह की चाय से ही दिन की शुरुआत होती है. अक्सर लोग सबसे पहले खाली पेट चाय पीना पसंद करते हैं. घरों में अक्सर चाय के साथ लोग बिस्किट खाते हैं. बच्चे से लेकर बुजुर्ग-नौजवान चाय के साथ बिस्किट खाते हैं. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रोजाना चाय के साथ बिस्किट खाना सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है. चाय-बिस्किट शरीर पर ये असर डालता है.


खाली पेट चाय और बिस्किट न खाएं

चाय में भरपूर मात्रा में कैफीन होता है. वहीं बिस्किट में भरपूर मात्रा में शुगर और कैफीन होता है. अगर आप रोजाना बिस्किट और चाय खाते हैं तो शरीर पर तेजी से चर्बी बढ़ सकती है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बिस्किट में प्रोसेस्ड शुगर और गेंहू का आटा भरपूर मात्रा में होते हैं. वहीं इसमें ढेर सारा सैचुरेटेड फैट भी होता है. बिस्किट में पाई जाने वाली चीजें न सिर्फ तेजी में वजन बढ़ाती है बल्कि ये पेट के लिए भी ठीक नहीं होती है. लगातार इसे खाने से पेट में गैस और एसिडिटी जैसी परेशानी हो सकती है. इसलिए सुबह खाली पेट तो चाय और बिस्किट कभी न खाएं. क्योंकि इससे सेहत खराब हो सकता है.

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक बिस्किट और चाय इसलिए खाने से मना किया जाता है. क्योंकि इसे हल्का और कुरकुरा बनाने के लिए इसमें सोडियम मिलाया जाता है. शरीर में अगर खाली पेट सोडियम की मात्रा जाए तो इससे आप हाई बीपी के शिकार हो सकते हैं. अगर खाली पेट रोजाना बिस्किट खाते हैं तो आपको दिल से जुड़ी गंभीर बीमारी हो सकती है.

बिस्किट में पाया जाने वाला सुक्रालोज और एस्पार्टेम मेटाबॉलिज्म को सुस्त कर देता है जिससे पाचन संबंधी दिक्कतें पैदा हो सकती है. बिस्किट अक्सर मीठा होता है. जब यह शुगर और चाय के साथ मिलकर पेट में जाता है तो सेहत से जुड़ी परेशानी हो सकती है. चाय के साथ कभी भी बिस्किट न खाएं. क्योंकि इससे आपको कई गंभीर बीमारी हो सकती है.

# क्या नींद की कमी दिल पर डालती है बुरा असर?



अक्सर कहा जाता है कि एक व्यक्ति को 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए. इससे मेंटल हेल्थ, फीजिकल हेल्थ पर असर पड़ता है. अगर लगातार नींद की कमी हो रही है तो इसका सीधा असर ओवरऑल हेल्थ पर पड़ता है. इसके कारण कई सारी बीमारियों के शिकार हो जाते हैं. जिसकी वजह से डायबिटीज, अवसाद, किडनी की बीमारी और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ता है.

नींद की कमी के कारण ब्लड प्रेशर बढ़ता है. जो समय के साथ दिल और रक्त वाहिकाओं पर दबाव डाल सकता है.नींद की कमी से हार्मोनल परिवर्तन हो सकते हैं जो तनाव और सूजन को बढ़ाते हैं, जो ह्रदय रोग में योगदान कर सकते हैं.खराब नींद से वजन बढ़ सकता है, जो ह्रदय रोग के लिए एक जोखिम कारक है.दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है.नींद की कमी से गैर-घातक और घातक दोनों तरह के दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है.

अगर कोई 8 घंटे की नींद नहीं पूरी कर रहा है तो उससे शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ने लगता है. इससे हार्ट पर दबाव बढ़ता है. इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है, जो दिल की बीमारी है. इसकी वजह से हार्ट अटैक ( ॥द्रड्ढ्रह्ल ह्लह्यष्ह्न) का खतरा बढ़ जाता है. पूरी नींद न होने की वजह से शरीर में सूजन और तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन बढ़ने लगता है. इस सूजन से आर्टरी को नुकसान हो सकता है. इससे हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ता है. इसलिए सावधान रहना चाहिए.

नींद पूरी न होने से दिल की धड़कन में अनियमितता होने का खतरा रहता है, जिसे एरिथ्मिया कहते है, जो हार्ट अटैक और स्ट्रोक का रिस्क बढ़ा सकता है. इसलिए रात में ज्यादा जागना नहीं चाहिए और नींद पूरी करनी चाहिए.

रात में ज्यादा देर तक जागने वालों में ज्यादा खाने की आदत होती है. खराब नींद की वजह से भूख बढ़ सकती है, क्योंकि इससे भूख बढ़ाने वाला हार्मोन बढ़ जाता है. इससे मोटापे का रिस्क रहता है, जो हार्ट डिजीज का प्रमुख कारण है.

नींद की समस्या से परेशान लोगों में दिल की बीमारियों का रिस्क बढ़ता है, जिसके स्ट्रोक और हार्ट की बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है. अच्छे दिल की सेहत के उचित नींद लेना चाहिए, इसलिए नींद की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए.

# सुबह तुरंत बेड से उठने से आ सकता है हार्ट अटैक?



**सुबह बिस्तर से उठने से दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ सकता है? यह बात थोड़ी हैरान कर सकती है कि आप सुबह सो कर उठे और अचानक से हार्ट अटैक पड़ जाए?**

जब हम सुबह उठते हैं तो उस वक्त हमारे दिमाग जगाने के लिए दिमाग एक स्पेशल हार्मोन रिलीज करता है. जो दिल पर प्रेशर पड़ता है. इन हार्मोनों में से एक कोर्टिसोल है, जो एक तनाव हार्मोन है. बहुत देर तक सोने के कारण शरीर डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाता है. इस कारण दिल पर काफी ज्यादा प्रेशर पड़ता है. इसके कारण दिल को काफी ज्यादा मेहनत करना पड़ता है.

सुबह के समय रक्त प्लेटलेट्स चिपचिपे होते हैं, जो कोरोनरी धमनियों में प्लाक के फटने को ट्रिगर कर सकते हैं.जब आप उठते हैं और फिर से चलते हैं, तो आपके ह्रदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है.जागने के बाद पहले कुछ घंटों में अचानक ह्रदय की मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक होता है.

सुबह के समय दिल का दौरा पड़ने की संभावना ज़्यादा होती है. आपका दिमाग आपके शरीर में हार्मोन की मात्रा बढ़ाता है. जिससे आपको जागने में मदद मिलती है. और इससे आपके दिल पर कुछ अतिरिक्त दबाव पड़ता है.

लंबी नींद के बाद आप निर्जलित भी हो सकते हैं, जिससे आपका दिल भी ज़्यादा मेहनत कर सकता है. एक बात तो तय है कि जागने के बाद पहले कुछ घंटों में अचानक हार्ट अटैक का जोखिम ज़्यादा होता है. ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि जब आपका शरीर फिर से उठकर चलने लगता है तो आपके दिल को बहुत ज़्यादा काम करना पड़ता है.

दिन के किस समय दिल का दौरा पड़ने की सबसे अधिक संभावना होती है?

अधिकांश दिल के दौरे सुबह 4 से 10 बजे के बीच आते हैं, जब रक्त प्लेटलेट्स चिपचिपे होते हैं. और अधिवृक्क ग्रंथियों से एड्रेनालाईन का स्राव बढ़ जाता है, जो कोरोनरी धमनियों में पट्टिकाओं के टूटने को ट्रिगर कर सकता है.

# नहाने के बाद तुरंत सो जाने से क्या दिमाग कमजोर होता है?



नहाने के बाद तुरंत सो जाने से क्या दिमाग कमजोर होता है? नहीं, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि नहाने के तुरंत बाद सोने से दिमाग कमज़ोर होता है.

नहाने से आपके शरीर का तापमान बढ़ सकता है, जिससे नींद आने में दिक्कत हो सकती है. गीले बालों के साथ सोने से स्कैल्प की समस्याएं हो सकती हैं, जैसे रूसी और बाल टूटना. यह हम में से हर किसी को पता है कि एक अच्छी नींद के लिए हमें रोजाना एक्सरसाइज, नहाना, शॉवर लेना बेहद जरूरी है.इसलिए हमें गर्म पानी से नहाना चाहिए. गर्म पानी से नहाने से शरीर को काफी ज्यादा आराम मिलता है.

नहाने के बाद गीले बालों के साथ सोने से तकिए या बिस्तर पर बैक्टीरिया पनप सकता है. इससे स्कैल्प खराब हो सकती है, बाल टूटने की समस्या बढ़ सकती है और साथ ही बालों में डैंड्रफ़ भी हो सकता है.


गर्म पानी से लगातार नहाने से आंखों की नमी कम हो जाती है. जिससे आंखें लाल हो जाती हैं और उनमें खुजली की परेशानी होने लगती है. इसकी वजह से आंखों से जुड़ी कई अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं.

रात में नहाने से नींद खराब हो सकती है और दिनभर की थकान दूर नहीं होती है. नींद डिस्टर्ब होने से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. इसका दिमाग पर भी असर पड़ सकता है. स्ट्रेस-डिप्रेशन बढ़ सकता है.

रात में डिनर करने के बाद नहाने से वज़न बढ़ सकता है. इससे फिटनेस तो खराब होता ही है, कई तरह की क्रोनिक बीमारियां भी हो सकती हैं. मोटापा बढ़ने से डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा रहता है.

रात में नहाने से जोड़ों में दर्द हो सकती है, जिससे आपको चलने-फिरने में मुश्किल बढ़ सकती है. देर रात में नहाना मसल्स क्रैंप की वजह भी बन सकता है, जो परेशानियों का सबब बन सकते हैं.

# क्या समय बचाने के लिए आप भी जल्दबाजी में खाते हैं खाना, तो इन समस्याओं को दे रहे हैं बुलावा



इन दिनों लोगों के पास समय की काफी कमी होने लगी है। बिजी शेड्यूल और अन्य कई जिम्मेदारियों की वजह से लोगों के पास चैन से खाना खाने तक का समय नहीं होता जिसकी वजह से लोग अक्सर जल्दबाजी में खाना खाते हैं। हालांकि हड़बड़ी में खाना खाने की आदत सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। जानते हैं कैसे।

आज कल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास सुकून के दो पल ढूंढ पाना भी मुश्किल है। काम का बढ़ता बोझ और घर-परिवार की जिम्मेदारी की वजह से अक्सर लोग खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। समय के इसी अभाव की वजह से लोग इन दिनों ठीक से खाने के लिए भी समय नहीं निकाल पाते हैं। ऐसे में समय बचाने के लिए आमतौर पर लोग हड़बड़ी या जल्दी-जल्दी खाना खाते हैं।

जल्दबाजी में खाना खाने की आदत आपका समय जरूर बचाती है, लेकिन इससे आपकी सेहत को काफी नुकसान होता है। जल्दबाजी में खाना खाने की वजह से सेहत से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं, जिसके बारे में बेहद कम लोग भी जानते हैं। अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो समय बचाने के लिए हड़बड़ी या जल्दबाजी में खाना खाते हैं, तो इससे होने वाले नुकसानों के बारे में एक बार जरूर जान लें।

अगर आप हड़बड़ी या जल्दबाजी में खाना खाते हैं, तो इससे आपके पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ सकता है। जल्दी-जल्दी खाने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ सकता है, जिससे अपच, सूजन और असुविधा हो सकती है। दरअसल, तेजी से खाने की वजह से खाने के साथ ज्यादा हवा निगलने की संभावना बढ़ जाती है, जिसके कारण सूजन हो जाती है। इसलिए इस समस्या से बचने के लिए अच्छे से चबाना और धीमी गति से खाना जरूरी है, ताकि पाचन आसानी से हो सके।

ब्लड शुगर लेवल में बढ़ोतरी

जल्दी-जल्दी खाने की आदत आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकती है। जल्दबाजी में खाने की वजह से ब्लड शुगर के स्तर में तेजी से वृद्धि हो सकती है, खासकर जब हाई कार्बोहाइड्रेट वाले फूड्स को खाया जाता है, जो संभावित रूप से इंसुलिन रेगुलेशन को प्रभावित करता है और टाइप 2 डायबिटीज के खतरे को बढ़ाता है।

### वजन बढ़ सकता है

अगर आप अपने वजन को मेंटेन करना चाहते हैं, तो आज ही जल्दी-जल्दी खाने की आदत को छोड़ दें। दरअसल, जल्दी-जल्दी खाने की वजह से अक्सर जरूरत से ज्यादा खाने में आ जाता है, जिससे न सिर्फ पाचन संबंधी समस्या हो सकती है, बल्कि संभावित रूप से वजन बढ़ सकता है।

### मेटाबॉलिक सिंड्रोम

बहुत जल्दी-जल्दी खाने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा भी बढ़ सकता है। मेटाबॉलिक सिंड्रोम कुछ मेडिकल कंडीशन का कॉम्बिनेशन है, जिसमें हाई ब्लड शुगर और असामान्य कोलेस्ट्रॉल का लेवल शामिल हैं।

# दिन में सोने वाले जाग जाएं... आपको हो सकता है इस बीमारी का खतरा



**क्या आपको भी दिन में नींद बहुत ज्यादा आती है. अगर हां तो सावधान हो जाइए, क्योंकि इससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ रहा है. डिमेंशिया तब होता है जब मस्तिष्क की कोशिकाएं खराब होने लगती हैं और समय के साथ धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होने लगती हैं. इससे इंसान की याददाश्त पर असर पड़ता है, भ्रम की स्थिति बनती है, पर्सनालिटी बदलने लगती है, डेली रुटीन तक में दिक्कतें आती हैं.**

एक स्टडी में इसका खुलासा हुआ है. बुजुर्गों में इसका खतरा ज्यादा है. डिमेंशिया दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है. अल्जाइमर की बीमारी इसी का एक आम प्रकार है.

जर्नल न्यूरोलॉजी में पब्लिश नई स्टडी में खराब नींद और डिमेंशिया को जोड़ा है. इसमें पाया गया है कि दिन में बहुत ज्यादा नींद महसूस करने वाले 35.5त्न पार्टिसिपेंट्स में मोटरिक कॉग्नेटिव रिस्क सिंड्रोम विकसित हुआ है. करीब 3 साल तक चली इस स्टडी में 445 बुजुर्गों के बारें में जाना गया, जिनकी औसत उम्र 76 साल है. शुरुआत में सबकुछ सही रहा लेकिन बाद में नींद और डिमेंशिया का कनेक्शन पाया गया.

शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों ने खराब नींद की शिकायत की, उनमें अच्छी नींद की गुणवत्ता वाले लोगों की तुलना में मोटरिक कॉग्नेटिव रिस्क (स्ष्ट्र) होने की संभावना ज्यादा थी. हालांकि, डिप्रेशन के लक्षणों को मिलाने के बाद ये कनेक्शन कमजोर हो गया, जिससे पता चला कि अगर मेंटल हेल्थ को देखा जाए तो सिर्फ खराब नींद ही एमसीआर के लिए जिम्मेदार नहीं हो सकती है.

अध्ययन में पिट्सबर्ग स्लीप क्वालिटी इंडेक्स का इस्तेमाल करके नींद की गुणवत्ता को चेक किया गया. जिसमें सोने के समय, स्लीप साइकिल बिगड़ने और दिन में एक्टिव रहने जैसे फैक्टर्स शामिल थे. इनमें से सिर्फ दिन में बहुत नींद आना और कम उत्साह ही एमसीआर के हाई रिस्क से जुड़ा था. शोधकर्ताओं ने दिन में नींद से बचने और मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाने पर फोकस करने की सलाह दी है. क्योंकि दोनों ही चीजें डिमेंशिया का कारण बन सकते हैं.

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद, छठ महापर्व का हुआ समापन

## मोती तालाब में उमड़ी रही श्रद्धालुओं की भीड़, मेले जैसा बना रहा माहौल, गूंजे छठी मईया के गीत

राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को उत्तर भारतीयों द्वारा शहर में छठ का महापर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर के मोती तालाब, चिखली तालाब में छठ मइया के पूजन करने वालों की भीड़ रही। मोती तालाब में तो छठी मईया का पूजन करने वाले श्रृद्धालुओं का तांता लगे रहने से यहां मेले जैसा माहौल बना रहा।

गुरुवार की शाम जहां सूर्य डूबने से पहले बड़ी संख्या में छठी मईया के व्रती महिलाएं मोती तालाब में पहुंच कर डूबते सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। वहीं शुक्रवार को दूसरे दिन व्रती महिलाओं ने तालाब के जल में उतर कर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया गया। इस दौरान मईया जी की शान में तालाब घाट में दीपों की जगमग रौशनी की गई व जमकर फटाके फोड़े गए और पर्व का उल्लास प्रकट किया गया। मोती तालाब घाट में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने छठी मईया के जय-जय कार के नारे लगाए



वहीं महिलाओं द्वारा छठी मईया के गीत गाकर माहौल को भाव-भक्ति मय बनाया गया। छठ महापर्व के अंतिम दिन सनातन धर्म सेवा परिवार के प्रमुख राकेश ठाकुर (अधिवक्ता) अपनी धर्मपत्नि के साथ उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित किए और विधि-विधान से छठी मईया का पूजन कर सबकी खुशहाली की दुआएं मांगी। इस दौरान उनके साथ जयनारायण सिंह रणविजय प्रताप सिंह की भी उपस्थिति बनी रही।

छठ महाव्रत के दिन छठी मईया मईया के व्रत रखकर कस्तूरबा महिला मंडल की साधना तिवारी, विद्या पांडे, रचना पांडे आदि सहित शहर की उत्तर भारतीय महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया और सब की खुशहाली की कामना की।

### छठ व्रतियों को दी गई बधाई एवं शुभकामनाएं

शहर के नया बस स्टैंड समीप स्थित मोती तालाब में छठ पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता रहा। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव अपनी धर्मपत्नि करुणा यादव के साथ पहुंच कर छठ महापर्व की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसी तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता व मंदिर समिति के अशोक चौधरी, गोपीकृष्ण झा, अधिवक्ता मनोज चौधरी, महंत डाक्टर बाबा ने भी सभी छठ पूजा व उपवास करने वालों को शुभकामनाएं दी। इसी तरह शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने भी मोती तालाब पहुंच कर लोगों को छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें कि मोती तालाब में छठ महापर्व की पूरी तैयारी पूज्य गुरुदेव मौनी इस के संरक्षण में की गई। मंदिर समिति के श्री चौधरी के सुपुत्र ऋषि देव चौधरी की देखरेख में पं. आदित्य झा, पीयूष गुप्ता, नीलू झा, विकास गुप्ता सुंदर पोद्दार आदि के द्वारा तालाब घाट के प्रवेश द्वार को केले पेड़ के भव्य तोरण द्वार से सजाया गया था। इसी तरह तालाब की सीढ़ियों को बंदनवार से सजाकर छठ व्रतियों का स्वागत किया गया। वार्ड पार्षद विनय झा द्वारा की गई तालाब की साफ-सफाई व पूजा घाट का चूने से मार्का देखते बन रहा था। इसी तरह छठ पूजा समिति द्वारा मोती तालाब क्षेत्र में रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से सजावट कर छठ पर्व की मनोहारी छटा बिखेरी गई। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा दल बल के साथ पहुंच कर सब को छठ महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### दीपावली की तरह की गई आतिशबाजियां

मोती तालाब में व्रती महिलाओं द्वारा डूबते सूर्य को अर्घ्य देते समय छठी मईया की शान में दनादन पटाखे फोड़े गए वहीं आसमान में रंग-बिरंगी रौशनी के साथ आतिशबाजियां की गई। दिग्विजय कालेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय ने बताया कि कार्तिक मास् की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को कठिन उपवास रखने वाली छठ व्रती महिलाओं ने शाम के समय मोती तालाब के घाट में पूरे विधि-विधान से छठी मईया की पूजा अर्चना की और तालाब के कमर भर जल में उतर कर डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य प्रदान किया। इस दौरान व्रती महिलाओं ने अपने संतानों की लंबी आयु सहित घर-परिवार की सुख शांति व खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रातः काल उगते हुए सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया गया। इस दौरान भी दीपावली की तरह दनादन फटाखे फोड़ें गए और आतिशबाजियां की गई। इससे तालाब क्षेत्र में छठ पर्व की रौनक बिखरी रही। इस तरह पर्व के अंतिम दिन प्रातः काल उदीयमान होने वाले भगवान भूवन भास्कर को पूरे विधि-विधान के साथ अर्घ्य प्रदान कर धूमधाम के साथ छठ महापर्व का समापन किया गया।

# डॉ.रमन सिंह पर लगाए गए बेबुनियाद आरोपों पर भड़की भाजपा



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष के पत्रकार वार्ता में उठाए गए मुद्दों पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मूलचंद भंसाली ने विरोध करते हुए विज्ञप्ति जारी कर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि समाप्तप्राय कांग्रेस अपना अस्तित्व बचाने हेतु किस हद तक जाकर अनुचित प्रलाप कर रही है। उसका ताजा उदाहरण शहर कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से साफ है शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने बयान में कहा है कि डॉ रमन सिंह, विष्णु देव सांय को हटाकर खुद सीएम बनना चाहते हैं, उन्हें याद नहीं है यह परंपरा और परिपाटी कांग्रेस में चलती है जिसे प्रदेश की जनता ने पिछले 5 साल के कांग्रेस के शासन में बार-बार देखा और महसूस किया है । रायपुर से लेकर दिल्ली तक सीएम बदलने हेतु शक्ति प्रदर्शनों का दौर चला था करोड़ों खर्च कर सीएम बने रहने हेतु क्या-क्या नहीं किया गया? कांग्रेस अध्यक्ष यह सब कुछ अच्छी तरह जानते हैं पार्टी में अध्यक्ष बने रहने हेतु उनका यह प्रयास उन्हें कितना फायदा देगा यह वही जाने लेकिन ऐसे अनर्गल प्रलाप करना कतई उचित नहीं है। यह सस्ती लोकप्रियता पाने वाली राजनीति है।

श्री भंसाली ने आगे कहा कि मेडिकल कॉलेज को लेकर उनका बयान पूर्णतः दुर्भावना से प्रेरित है 20 डॉक्टरों के द्वारा इस्तीफा देने की बात पूरी तरह से निराधार है सम्मानित डॉक्टरों द्वारा अपनी कुछ मांगों को लेकर मांग पत्र दिया गया था जिसे इस्तीफा कहकर गलत तरह से प्रचारित किया जा रहा है जो दुर्भाग्यजनक है। ऐसा कुत्सित प्रयास करने वाले राजनांदगांव की जनता का भला नहीं चाहते कांग्रेस के शासनकाल में मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। जिसे लेकर भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं ने कई दिनों तक धरना देकर प्रदर्शन किया था। जिससे घबराकर प्रशासन ने टेंट तक उखड़वा दिया था। डॉक्टरों की संख्या बताने वालों से पूछना चाहता हूं कि 5 साल के शासनकाल में कभी मेडिकल कॉलेज की सुधि लिए क्या? राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज को कवर्धा भेजे जाने की कपोल कल्पित बातें करना ओछी राजनीति का हिस्सा हैं। कांग्रेस शासन में राजनांदगांव से कितने शासकीय कार्यालय अन्यत्र हटाए गए। क्यों हटाए गए इस पर जवाब देना होगा। पूरे छत्तीसगढ़ को दंगे और मारकाट के वातावरण में डालने वाली कांग्रेस का घिनौना चेहरा सामने आ चुका है। जिनके कई नेता आज भी जेल में है कुछ जेल जाने के इंतजार में भी।

डॉ रमन सिंह छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष पद पर आसीन है डॉ रमन सिंह के 15 वर्षों का कार्यकाल निर्विवाद और विकास के लिए याद किया जाता है। उनकी प्रशंसा स्वयं कांग्रेसी दबी जुबान से करते रहते हैं। पिछले 5 साल के कांग्रेस का शासन आतंक, भ्रष्टाचार और जातिवाद का जहर सबने देखा और महसूस भी किया। कांग्रेस के शासनकाल में बदले की राजनीति करने वाली सरकार ने मेडिकल कॉलेज को क्षति पहुंचाई है उसका वर्णन असंभव है। यहां तक मरहम पट्टी की सामग्री और दवाइयों की कमी जान बुझ कर की जाती थी।

जिसे पुनः पटरी पर लाने का कार्य डॉ. रमन सिंह और विष्णु देव सरकार कर रही हैं। आज मेडिकल कॉलेज पुनः बेहतर स्थिति में चल रहा है। जिसमे लोगों का बेहतर इलाज़ हो रहा है आज रेफर मरीजों की संख्या न्यूनतम रह गई है। हमारी सरकार स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग है और आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की सुविधाओं में अपार वृद्धि होगी सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कृत संकल्पित है ऐसे में कांग्रेस नेता द्वारा मरीज एवं उनके दुःखी परिजनों को दिग्भ्रमित किया जा रहा हैं जो मानव संवेदना की अनदेखी हैं। वही मानव सेवा से जुड़े डॉक्टरो को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ऐसे मंसूबों को सफल होने नहीं देगी।

# श्रीदासीश्याम प्रभु के महोत्सव पर भव्य कलशयात्रा निकाली गई

## मीराचरित्र के साथ-साथ श्रीमीराबाई एवं श्रीदासी के जीवन में आने वाली कठिनाईया व सामानताएं श्रीभागवताचार्य जी ने बताई

राजनांदगांव (दावा)। श्रीदासीश्याम प्रभु की स्वर्ण व रजत महोत्सव के प्रथम दिवस पर सुबह 10 बजे श्रीश्यामकुटी से भव्य कलशयात्रा निकाली गई कलशयात्रा में उपस्थित महिलाओं ने लाल साड़ी के साथ-साथ चुनरी धारण किया हुआ था और पुरूष वर्ग पीले कुर्ते में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे थे। कलशयात्रा में एक भव्य रथ पर भागवताचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री विराजमान थे। पूरे कलशयात्रा के दौरान रास्ते में फूलों की बरसात के साथ-साथ सड़क पर भी फूलों को बिछाया गया था।

बिछाये गये फूलों पर मुख्य यजमान परिक्षित विनोद शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नि सुनिता शर्मा बिछाये गये फूलों पर भक्तमाल व कलश लेकर आगे-आगे कलशयात्रा कि अगुवायी कर रहे थे। 2004 में श्रीदासीश्याम प्रभु की जयंती में हुई भागवत कथा के मुख्य यजमान निर्मल शर्मा व उनकी धर्मपत्नि सरिता शर्मा थी। स्वर्ण व रजत जयंती महोत्सव के लिए रामाधीन मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार, तोरण द्वार, फ्लैक्स, धर्मपताका एवं होर्डिंग्स लगाये गये है। रामाधीन मार्ग से गुजरने वाले आमजन भी श्रीश्यामकुटी में श्रीश्यामप्रभु के विशाल बने स्वरूप के दर्शन करके और





होर्डिंग्स को देखकर अपने आप को धन्य मानते हुए बड़े प्रेम से श्रीश्यामप्रभु के दर्शन करकर अपने लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहे थे। श्रीभक्तमाल में रचित मीराचरित्र का दोपहर 3 बजे से भगवताचार्य अनुरागकृष्ण शास्त्री के मुखार वृंदों से रसपान किया मीराचरित्र वर्णन के दरम्यान पूरा अग्रसेन भवन का हाल खचाखच भरा हुआ था। कलशयात्रा के दौरान बीच-बीच में आतिशबाजी भी श्रीश्यामकुटी के श्रद्धालु बच्चें करते रहे। श्रीश्यामकुटी में बनाये गये श्रीखाटू नरेश, हारे के सहारे के भव्य स्वरूप को कहीं भी नहीं देखा गया जो कि अभी 13 नवंबर तक श्रीश्यामकुटी में विराजमान रहेगे। स्वर्ण व रजत महोत्सव में अपनी उपस्थिति देने तथा नाम संकिर्तन व श्याम नाम की धुन लगाने के लिए रायपुर के इस्कान मंदिर से अपने संकिर्तन के लिए 7 अमेरिकन भक्तों की टोली भी आयी हुई थी जिन्होंने नाम संकिर्तन व श्याम धुन के दौरान श्रीअग्रसेन भवन में उपस्थित सभी भक्तों को झुमने, नाचने, गाने व मस्ती में आने को विवश कर दिया और मीराचरित्र का गुनगान सुनने वाले सभी श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

मीराचरित्र के कथा के पूर्व भागवताचार्य अनुरागकृष्ण शास्त्री ने श्याम की दीवानी मीरा और खाटू नरेश की दीवानी श्रीदासी के ग्रहस्थ में रहते हुए ग्रहस्थ धर्म का पालन करते हुए दोनों महान भक्तों का श्रीश्यामप्रभु में एकाकार होने का वृतांत सुनाया और बताया की भक्त मीराबाई ने तो कुछ समय पश्चात गृहस्थी का त्याग कर दिया था लेकिन श्रीदासी ने अपने पूरे जीवन में गृहस्थ जीवन का पालन करते हुए अपना पूरा जीवन श्याममय बना लिया था। जयंती महापर्व के द्वितीय दिवस पर सुबह 10 बजे भक्तमाल की मीराचरित्र और शाम 5 बजे से 7:00 बजे जयंती महोत्सव और इसके पश्चात संध्या 7:30 बजे से अग्रसेन भवन में हाथरस से लेकर राजनांदगांव तक का सफर जिसमें हाथरस, कलकत्ता, वृंदावन, जयपुर, चौमू, श्रीखाटू तक का पूरा श्रीशक्तिमां की पूरी जीवनी की डाक्युमेंट्री दिखाई जायेंगी जिसको लेकर सभी भक्तों में भारी उत्सुकता बनी हुई है। शहर के श्रीश्यामकुटी व श्रीदासीश्याम मंडल के द्वारा किये जा रहे स्वर्ण रजत महोत्सव को लेकर शहरवासियों में भी भारी चर्चा का विषय है।

आने वाली युवतियां, महिलाएं व सभी भक्तजन अपनी गुरूमां के प्रेम, प्यार, दया, कृपा व उनके साथ बिताए गये पलों को याद कर अपने आपको धन्य मान रहे है। लोगों ने तो सिर्फ एक ही मीरा को सुना व जाना है लेकिन श्रीश्यामकुटी में तो अपने प्यारी गुरूमां की दीवानी अनेक मीराएं है। वृंदावन से आये उपस्थित पंडितजनों ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ मुख्य यजमान विनोद शर्मा धर्मपत्नि सुनिता शर्मा के करकमलों से श्रीदासीश्याम प्रभु व भक्तमाल की पूजा करायी उसके पश्चात बाजे गाजे के साथ कलशयात्रा निकली। समस्त आयोजनों एवं होर्डिंग्स फ्लैक्स श्रीश्यामकुटी में पधारे श्रीश्यामप्रभु को अपने-अपने मोबाईलों में स्वर्णीम अवसरों की याद बनाये रखने के लिए फोटो एवं वीडियो बनाते देखे गये।

# भारतीय सिल्क एक्सपो को मिल रहा जनता का भरपूर प्रतिसाद



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय सिल्क एक्सपो 2023 श्री कृष्णा हथकरघा-हस्तशिल्प एवं ग्रामोद्योग सेवा समिति द्वारा स्टेट हाईस्कूल ग्राउण्ड खैरागढ़ रोड, राजनांदगांव में पहली बार भारतीय सिल्क एकस्पो 2023 का आयोजन किया गया है।

इस विन्टर सीजन पर पूरे परिवार के साथ शॉपिंग का आनंद ले सकते हैं वह भी आकर्षक डिस्काउन्ट के साथ। इस एक्सपो में हैण्डलुम एवं हैण्डी क्राफ्ट की भव्य प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक की जा रही है। यह सिल्क एक्सपों में प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जहां हस्तशिल्प एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाना जा सकता है और वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों की खरीदी की जा सकती है।

भारतीय सिल्क एक्सपो 2023 में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हैण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। इस प्रदर्शनी में ग्राउण्ड में ही व्यवस्था के साथ भरपूर स्थान पार्किंग के लिए भी उपलब्ध है।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलने के बाद आश्वस्त हुए मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर



## सभी ने एक स्वर में कहा इस्तीफा नहीं सिर्फ अल्टीमेटम दिया था

राजनांदगांव, (दावा)। मेडिकल कॉलेज में 20 डॉक्टरों द्वारा सामूहिक स्थिति की खबर पर आज नया रुख सामने आया, जब मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल डॉ.रमन सिंह के शंकर नगर स्थित निवास स्थान पर मिलकर अपनी स्थिति स्पष्ट की और रमन सिंह से चर्चा के उपरांत उनके आश्वासन से संतुष्ट होते हुए उन्होंने कहा कि हमने शासन की नई व्यवस्था का विरोध किया था और एक तय समय में अल्टीमेटम दिया था जिसे कुछ लोगों ने गलत समझा,परंतु डॉ. रमन सिंह से बातचीत उपरांत हमें लगा कि शासन हमारी मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार कर रहा है, हमारी मंशा मरीजों को परेशान करने की कतई नहीं है, हम अपनी सेवाएं मेडिकल कॉलेज में देने हेतु प्रतिबद्ध है और हमारे संबंध में जो गलत ढंग से विपक्षी दल द्वारा अफवाह फैलाई जा रही है, वह मिथ्या है।




# दो दिनों तक मनी जलाराम बापा की जयंती, प्रकाश भाई के भजनों से झूम उठे भक्तगण

## गुजराती कालोनी व कैलाश नगर में श्री जलाराम जयंती पर्व की रही धूम, गरबा नृत्य के साथ बापा की निकाली गई भव्य शोभायात्रा





राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्कारधानी नगरी में संत शिरोमणि पूज्य श्री जलाराम बापा जयंती की धूम रही। इस बार कंचन बाग स्थित गुजराती कालोनी में श्री जलाराम सत्संग सेवा समिति व लोहाणा महाजन द्वारा पूज्य बापा जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान कालोनी का माहौल पूज्य श्री बापा जी की पूजा भक्ति व भजन-कीर्तन से सराबोर रहा। श्री जलाराम बापा जी से संबंधित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति प्रकाश भाई जोशी (दुर्ग) द्वारा दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पूज्य श्री बापा के अनुयायियों की उपस्थिति बनी रही। लोहाणा महाजन के अध्यक्ष दीपक भाई बुद्धदेव, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमति नीता बेन रायचा व युवा मंडल के हिमांशु रायचा के तत्वावधान में पूज्य जलाराम बापा जी की जयंती आयोजन में पाटीदार समाज एवं कच्छ गुर्जर समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और पूज्य बापा जी की भाव भक्ति सहित दर्शन लाभ कर धन्य महसूस किया।

### शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

संत शिरोमणि पूज्य जलाराम बापा की जयंती अवसर पर आज शहर में परंपरागत रुप श्री जलाराम बापा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कैलाश नगर स्थित श्री जलाराम मंदिर से निकाली गई पूज्य बापा की भव्य शोभायात्रा का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान समाज की महिलाएं गरबा नृत्य कर पूज्य बापा के प्रति प्रगाढ़ आस्था का प्रदर्शन कर रही थी। इससे गुजराती समाज के पुरुष जन भी अपने आप को थिरकने से रोक नहीं पाए। फूलों के झालरों से सजे एक बड़े वाहन में पूज्य श्री जलाराम बापा का विशाल तैलचित्र लोगों को आकर्षित कर रहा था। बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा के शहर भ्रमण के दौरान चौक-चौराहों में बापा जी की भक्ति में डूबे कर समाज के लोगों का गरबा नृत्य करना लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र बना रहा। इसी तरह शहर के विभिन्न स्थानों में पूज्य बापा की पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रियों का स्वल्पाहार आदि से स्वागत-सत्कार किया गया। शहर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा गुजरने के उपरांत इसकी समाप्ति पुनः कैलाश नगर पहुंचने पर की हुई, जहां भजन-पूजन आरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

### अन्नकूट पूजा में चढ़ाएं गए छप्पन भोग

गुजराती कालोनी में पूज्य श्री जलाराम बापा की दो दिनों तक मनाई गई जयंती कार्यक्रम में गुरुवार को अपराह्न 4 बजे अन्नकूट पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान को 56 भोग चढ़ाएं गए। अन्नकूट पूजा में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख व पूर्व सांसद मधुसूदन यादव शामिल हुए। शाम को 7 बजे शंख ध्वनि व घंटा निनाद के बीच मंदिर में महाआरती की गई।

इस दौरान गुजराती समाज के बड़ी संख्या में नर-नारियों की उपस्थिति रही। अंत में भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया। बता दें कि कंचन बाग गुजराती कालोनी स्थित श्री जलाराम बापा के मंदिर में पूज्य बापा जी की 225 वां जन्म जयंती दो दिनों तक विविध कार्यक्रमों के बीच हर्षोल्लास से मनाया गया। यहां पूज्य बापा जी की पूजा अर्चना के साथ भजन-कीर्तन की भी धूम रही। दुर्ग से पधारे पूज्य बापा के भजनकार अपने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति से सबका मनमोह लिया और लोग भजन के आनंद में डूबकर पूज्य बापा के भक्ति-भाव में गोते लगाते रहे। भजन-कीर्तन के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन में सर्व गुजराती समाज सहित अन्य श्रद्धालुजनों छककर ग्रहण की और पूण्य लाभ प्राप्त किया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com